भारत ई-गतिशीलता कार्यक्रम

पर्यावरण और सामाजिक प्रबंधन प्रणाली

MACQUARIE

विषय-सूची

1. प्रस्तावना....3
1.1 मैक्वेरी असेट मैनेजमेंट के बारे में....3
1.2 उप-परियोजनाओं और प्रतिपक्षियों का लक्ष्य....4
2. ई-गतिशीलता क्षेत्र में पर्यावरण एवं सामाजिक (ईएवंएस) जोखिम....5
2.1 खतरनाक अपशिष्ट....5
2.2 आपूर्ति श्रृंखला....7
2.3 अप्रत्यक्ष उत्सर्जन और वायु गुणवत्ता....8
2.4 सामाजिक प्रभाव....9
2.5 लिंग आधारित हिंसा....10
3. ईएसएस वर्गीकरण....11
3.1 इलेक्ट्रिक बसें....11
3.2 चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचना....14
3.3 कॉर्पोरेट सहभागिता पर आधारित वाहनों का समूह (4W)....17
4. ESMS की संचालन-व्यवस्था....20
4.1 संरचना....20
4.2 भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ....20
4.3 लागत एवं बजट....23
5. प्लैटफॉर्म की पर्यावरण एवं स्थायित्व प्रबंधन प्रणाली....24
5.1 स्थापना....24
5.2 भाग A - संचालन-प्रणाली और रिपोर्टिंग....24
5.3 भाग B - निवेश प्रक्रिया में शामिल करना और इसकी निगरानी....27
6. लागू होने वाले संदर्भ की रूपरेखा....36
6.1 लागू होने वाले राष्ट्रीय कानून एवं विनियम....36
6.2 GCF मानक....37
6.3 पर्यावरण और सामाजिक स्थायित्व पर IFC प्रदर्शन मानक, 2012....39
A1. अपवर्जन की सूची....42
A2. प्रतिपक्ष और उप-परियोजना के यथोचित परिश्रम की चेकलिस्ट....44
A3. ESIA के लिए संदर्भ की नमूना शर्तें....49
A4. हितधारक सहभागिता ढांचा....56
A5. प्लेटफार्म हितधारक अनुबंध योजना....67
A6. चांस फाइंड की प्रक्रिया....71
A7. पुनर्स्थापन नीति ढांचा....73
A8. स्वदेशी व्यक्तियों की नीति की ढांचा....76

1. प्रस्तावना

मैक्वेरी ऑल्टरनेटिव असेट मैनेजमेंट लिमिटेड (इसके पश्चात 'MAAML' या 'AE' कहा गया है) एक GCF प्रत्यायित संस्था ने भारतीय परिवहन क्षेत्र के विकार्बनीकरण (डीकार्बोनाइज़ेशन) में तेज़ी लाने के लक्ष्य के साथ एक 'ई-गतिशीलता कार्यक्रम' का प्रस्ताव तैयार किया है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के शीघ्र अंगीकरण और संबद्ध आधारभूत संरचना के विकास के माध्यम से सक्षम किए गए संवहनीय सड़क परिवहन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे हासिल करने की इसकी योजना है।

इस कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

1. भारत में वित्तपोषक प्लैटफॉर्म की स्थापना (इसके पश्चात 'प्लैटफॉर्म' कहा गया है), जिसमें इसकी कानूनी संस्था, नीतियाँ, पद्धतियाँ, और व्यापक शासन प्रणाली शामिल हैं।
2. ई-गतिशीलता क्षेत्र में प्लैटफॉर्म द्वारा प्रदान किया गया वित्त-पोषण, जिसमें शामिल है प्रारंभिक सम्यक तत्परता और संरचना और इसके साथ ही अविरत निगरानी।
3. प्लैटफॉर्म की बिक्री (GCF और अन्य निवेशकों का निकास सुकर बनाना) इस अपेक्षा के साथ की प्लैटफॉर्म का परिचालन बाज़ार में जारी रहेगा।

प्लैटफॉर्म का प्रबंधन मैक्वेरी असेट मैनेजमेंट (MAM) द्वारा किया जाएगा जो मैक्वेरी ग्रुप का एक परिचालन विभाग है।

यह देखते हुए कि इस प्लैटफॉर्म की अभी तक स्थापना नहीं की गई है, यह पर्यावरणीय और सामाजिक प्रबंधन प्रणाली निम्नलिखित **('ESMS')** प्रदान करती है:

- अंतर्निहित उप-परियोजना के भाग के रुप में मुख्य पर्यावरणीय और सामाजिक (ईएवंएस) जोखिमों और प्रभाव का संक्षिप्त विवरण;
- कार्यक्रम के लिए ESMS के शासन प्रणाली की रुपरेखा तय करना; और
- प्लैटफॉर्म द्वारा किस प्रकार पर्यावरणीय और सामाजिक जोखिमों और प्रभावों का प्रबंधन किया जाएगा इसके बारे में पर्यावरणीय और सामाजिक प्रबंधन प्रणाली का एक संक्षिप्त विवरण।

इस दस्तावेज में सीमांकित ढांचे के अंतर्गत एक बार प्लैटफॉर्म स्थापित किए जाने के बाद, प्लैटफॉर्म के स्तर पर विस्तृत नीतियाँ और पद्धतियाँ विकसित की जाएंगी। यह कार्यकारिणी दस्तावेज होंगे और विनियमों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए इन्हें नियमित रूप से अद्यतनीकृत किया जाएगा।

कार्यक्रम की प्रस्तावित गतिविधियों का स्वरूप देखते हुए किसी भी संदेह से बचने के लिए इस ESMS के किसी भी पर्यावरणीय विनियामक एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत करने या इसके द्वारा स्वीकृत किए जाने की आवश्यकता नहीं है। अंतर्निहित उप-परियोजनाओं के लिए किसी भी प्रस्तुतीकरण की आवश्यकता का विश्लेषण विनियामक आवश्यकताओं के हिसाब से विषयानुसार किया जाएगा।

1.1 मैक्वेरी असेट मैनेजमेंट के बारे में

MAM विभिन्न ग्राहकों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ निवेश समाधान प्रदान करती है जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर और नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, कृषि, परिवहन वित्त, निजी ऋण, इक्विटीज़, निर्धारित आय, और बहु-परिसंपत्ति समाधान शामिल हैं। पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन प्रणाली (ESG) के प्रति MAM का दृष्टिकोण ग्राहकों, शेयरधारकों, और हम जहां परिचालन करते हैं उसमें समुदायों के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी को प्रदर्शित करता है। ESG के विचार हमारे निवेश का फैसला करने के दृष्टिकोण और परिसंपत्ति प्रबंधन ढांचे में सन्निहित हैं जो यह जानकारी देते हैं कि किस तरीके से प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा और इसे सुधारा जाएगा।

इसके अलावा, GRESB, ज़िम्मेदार निवेश के लिए संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांत ("PRI") और नेट ज़ीरो असेट मैनेजर्स इनिशिएटिव सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानकों, रुप-रेखा और कार्यक्रमों के साथ MAM की सदस्यता और संबद्धता के माध्यम से संवहनीयता के प्रति इसके संकल्प का प्रदर्शन होता है।

ESG, संवहनीयता और ज़िम्मेदार निवेश के लिए MAM के दृष्टिकोण के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएं https://www.MAMfunds.com/au/en/our-approach/sustainability.html

1.2 उप-परियोजनाओं और प्रतिपक्षियों का लक्ष्य

जैसा कि ऊपर सीमांकित किया गया है, एक बार प्लैटफॉर्म स्थापित हो जाने के बाद यह ई-गतिशीलता के क्षेत्र ('उप-परियोजनाएं' भी कहा जाता है) में प्रतिपक्षियों के लिए वित्त पोषण प्रदान करेगा। जबकि भारत में संपूर्ण ई-गतिशीलता मूल्य श्रृंखला में निवेश करने का अधिदेश है, लेकिन कुछ प्रमुख उप-क्षेत्र हैं जिन पर शुरुआत में उच्च रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इनमें इलेक्ट्रिक बसें, साझा किए जाने वाले 4पहिया वाहनों का बेड़ा और इलेक्ट्रिक चार्जिंग की आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वित्त पोषण की आवश्यकता है और एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स के वित्त-पोषण की आवश्यकता है।[1]

उप-परियोजनाओं की मुख्य विशेषताओं में:

- ई-गतिशीलता क्षेत्र में भौतिक परिसंपत्ति के शामिल होने की उम्मीद है (उदा. इलेक्ट्रिक बसों की तय संख्या के लिए वित्त पोषण)।
- वाहनों या चार्जिंग पॉइंट्स का परिचालन प्रतिपक्ष द्वारा किया जाएगा।
- प्लैटफॉर्म और प्रतिपक्ष के बीच संबंध वित्त-पोषित अनुबंधों द्वारा शासित होंगे जिसमें दोनों पक्षों पर कुछ कानूनी बाध्यताएं होंगी।
- वित्त पोषित वाहन किसी एक विशिष्ट मार्ग के लिए समर्पित नहीं होंगे लेकिन कुछ हद तक एक प्रतिपक्ष द्वारा उनके व्यापक बेड़े में इसका उपयोग किया जाएगा। यह स्थल विशिष्ट तत्परता को सीमित कर सकता है।

संदेह से बचने के लिए:

- प्लैटफॉर्म को वित्त पोषण हस्तक्षेप के लिए तैयार किया गया है। उप-परियोजनाओं में व्यापक परिवहन हस्तक्षेपों को तैयार करना या विकसित करना शामिल नहीं होगा, केवल एक वित्त-पोषण दृष्टिकोण से ई-गतिशीलता क्षेत्र में विकास के लिए इनपुट (निविष्टि) प्रदान करना (जहां सुसंगत हो) छोड़कर।
- वाहनों या चार्जिंग पॉइंट के दैनिक परिचालन में प्लैटफॉर्म शामिल नहीं होगा।
- वाहनों के डिज़ाइन या निर्माण में प्लैटफॉर्म शामिल नहीं होगा।

प्लैटफॉर्म के वित्त पोषण स्वरूप को दखते हुए यह प्रत्येक उप-परियोजना के प्राथमिक विकास और कार्यान्वयन के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। इसके बजाय प्लैटफॉर्म प्रतिपक्षों के लिए वित्त पोषण (पट्टा या ऋण अनुबंधों जैसे वित्त पोषण दस्तावेजीकरण द्वारा शासित) प्रदान करेगा जिन्हें उन संस्थाओं के रूप में परिभाषित किया गया है जो उप-परियोजनाओं के दैनिक परिचालन के लिए ज़िम्मेदार रहेंगे।

प्रतिपक्षों के उदाहरणों में शामिल है:

- बस परिचालन करने वाली एक कंपनी जो एक शहरी क्षेत्र में सेवा प्रदान करने हेतु नए ई-बसों के प्रावधान के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गई एक नए इलेक्ट्रिक बस निविदा के लिए बोली लगा रही है,
- दो प्रमुख शहरों के बीच एक मार्ग पर परिचालन करने वाली एक निजी बस कंपनी,
- एक नए क्षेत्र में ई-वाहनों के बढ़े हुए वेधन की सहायता के लिए अनेकों नए चार्जिंग पॉइंट्स का निर्माण करने वाली एक कंपनी,
- एक विशाल कॉर्पोरेट कंपनी जो उनके कर्मचारियों के लिए बड़ी संख्या में कारें प्रदान कर रही है।

1

2. ई-गतिशीलता क्षेत्र में पर्यावरण एवं सामाजिक (ईएवंएस) जोखिम

निम्नलिखित खंड भारत में ई-गतिशीलता क्षेत्र में पहचान किए गए मुख्य ईएवंएस जोखिमों, अवसरों और प्रभावों का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है।

यह विचारों या संभाव्य प्रबंधन रणनीतियों की एक विस्तृत सूची नहीं है – प्रत्येक उप-परियोजना की समीक्षा हर मामले के आधार पर की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समग्र रूप से ईएवंएस जोखिमों पर विचार किया गया है। उप-परियोजनाओं में ईएवंएस जोखिमों के मूल्यांकन एवं प्रबंधन पर अधिक विवरण के लिए कृपया खंड **4.3** देखें।

2.1 खतरनाक अपशिष्ट

इलेक्ट्रिक वाहनों **(ईवी)** के लिए खतरनाक सामग्री संभालने की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि इनमें इंजिन ऑइल या इस प्रकार के ल्यूब्रिकेंट्स नहीं होते, जो पारंपरिक वाहनों से संबंधित हैं।

हालांकि लिथियम-आयन बैटरियाँ ईवी का एक महत्वपूर्ण घटक होती हैं और इसमें अन्य रासायनिक अंश शामिल होते हैं जैसे कोबाल्ट, ग्राफाइट और निकल। बैटरी की आयु खत्म हो जाने के बाद, बैटरी अपशिष्ट रह जाता है जिसमें कोबाइल्ट, इलेक्ट्रोलाइट्स, लिथियम, मैंगनीज़ ऑक्साइड और निकल जैसे रासायनिक पदार्थों की महत्वपूर्ण मात्रा होती है। यदि पुनर्चक्रित या पर्याप्त रूप से उपचारित नहीं किया जाए तो यह पदार्थ मिट्टी और भूजल को संदूषित कर सकते हैं। इसके अलावा, लिथियम स्वाभाविक रूप से नमी के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं और इस वजह से भराव क्षेत्र में विस्फोट हो सकता है।

एक नवोदित क्षेत्र के तौर पर ईवी से संबंधित अपशिष्ट के आयु-समाप्ति उपचार या पुनर्चक्रण के लिए सीमित विनियामक ढांचे हैं। भारत में ई-अपशिष्ट से संबंधित मौजूदा नीतियों में लिथियम आयन बैटरियों के सुरक्षित निपटान पर मार्गदर्शन वर्तमान में शामिल नहीं है। हालांकि, जैसे जैसे यह क्षेत्र वैश्विक रूप से विकसित होगा वैसे वैसे उन मार्गदर्शी रूपरेखाओं और सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों की उम्मीद की जा सकती है जिनका भारत में पालन और कार्यान्वयन किया जा सकता है।

सार

जोखिम	ई-अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी कुछ मुख्य समस्याएं हैं पर्याप्त निपटान तंत्र की कमी, ई-अपशिष्ट के संगठित संकलन में अपर्याप्तता और भराव क्षेत्र में ई-अपशिष्ट पहुंचने की संभावना
विनियामक आवश्यकता	ई-अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हथालन) नियम, 2011, ई-अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हथालन) नियम, 2016 और ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) संशोधन नियम, 2018 के अनुसार निर्माताओं/उत्पादकों/थोक ग्राहकों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मंडल में विस्तारित निर्माता ज़िम्मेदारी योजना प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, इसके साथ ही इसमें प्राधिकृत संकलकों (पीआरओ) का भी प्रावधान है जिन्हें इस प्रकार के ई-अपशिष्ट संकलन सक्षम बनाने के लिए मान्यता प्रदान की गई है। वर्तमान में बैटरियों (लिथियम आयन) का संकलन बैटरी नियम के दायरे में नहीं है लेकिन नए नियमों का प्रारुप सभी बैटरियों के लिए विस्तारित निर्माता ज़िम्मेदारी कवर करता है।
प्रबंधन विकल्प	नवोदित ई-अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में विनियम और सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ तेज़ी से विकसित हो रही हैं। यह माना गया है कि प्लैटफॉर्म और उप-परियोजनाओं द्वारा अपनाए गए ई-अपशिष्ट प्रबंधन दृष्टिकोण इन विकसित होनेवाली विनियमों और बेहतरीन कार्यप्रणालियों के अधीन होंगे। सामान्य रुप से, प्लैटफॉर्म का यह प्रयास होगा कि इस्तेमाल की गई बैटरियों से जुड़े विपरीत पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए व्यावसायिक रुप से व्यवहार्य सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों और ई-अपशिष्ट प्रबंधन सिद्धांतों को लागू किया जाए। प्रत्येक उप-परियोजना के लिए वित्तपोषण निर्णय हेतु तदनुसार तैयार किए गए ईएवंएस जोखिम और न्यूनीकरण सार में एक सुसंगत ई-अपशिष्ट प्रबंधन रणनीति सीमांकित और स्वीकृत की जाएगी। इसके साथ ही यह अपेक्षा की जाएगी कि किसी भी श्रेणी बी परियोजना के लिए, जहाँ सुसंगत हो, इसे ईएसआईए और ईएसएपी

जोखिम	ई-अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी कुछ मुख्य समस्याएं हैं पर्याप्त निपटान तंत्र की कमी, ई-अपशिष्ट के संगठित संकलन में अपर्याप्तता और भराव क्षेत्र में ई-अपशिष्ट पहुंचने की संभावना
	में शामिल किया जाए। कुछ संभाव्य ई-अपशिष्ट प्रबंधन विकल्पों को *खंड 5.3.2 - बैटरी निपटान के लिए सिद्धांत* में सीमांकित किया गया है, हालांकि वे विस्तृत नहीं हैं।

2.2 आपूर्ति श्रृंखला

जैसा कि किसी भी विनिर्माण क्षेत्र में होता है, आपूर्ति श्रृंखला ईएवंएस समस्याओं की ओर झुकी हो सकती है जैसे बाल मजदूरी, काम के लिए अपर्याप्त स्थितियाँ, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा लापरवाही और भ्रष्टाचार। आवश्यक मानक और अनुपालन हर देश में और विभिन्न प्रतिपक्षों में अलग हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों और GCF मानकों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सम्यक तत्परता की आवश्यकता है।

बैटरियों के लिए लिथियम-लोह और अन्य सामग्री के खनन के संबंध में आपूर्ति श्रृंखला की ज्ञात समस्याएं हैं जिसमें शामिल है ऐसे अधिकार क्षेत्रों से धातूओं का निकाला जाना जहाँ ईएवंएस विनियम शायद इतने कठोर न हों। इस प्रकार के खनन के साथ जुड़ी समस्याओं में शामिल है एसिड खदान जलनिकास, जल संदूषण, बांध फंटना और बाढ़ (अवशेष जमा होना), भू-क्षरण / संदूषण और परिस्थितिकी तंत्र का विनाश।

किसी व्यवहार के अग्रिम मूल्यांकन के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म की ओर से प्रतिपक्ष पर सम्यक तत्परता संचालित की जाएगी जिसमें उनके श्रम संबंधी तरीके और आपूर्ति श्रृंखला शामिल है और व्यवहार के साथ आगे बढ़ने के लिए अंतिम वित्त पोषण के फैसले पर इसके नतीज़ों का प्रभाव होगा। यह किसी भी महत्वपूर्ण विपरीत सामाजिक प्रभावों का न्यूनीकरण करेगा और सुनिश्चित करेगा कि इन जोखिमों का प्रबंध करने के लिए पर्याप्त नीतियाँ और उपाय लागू करने के साथ प्लैटफॉर्म केवल विश्वसनीय प्रतिपक्षों के साथ काम करे।

सार

जोखिम	आपूर्ति श्रृंखला के कुछ भागों में बैटरियों के लिए मुख्य कच्ची सामग्री यानी कोबाल्ट, लिथियम, कॉपर और निकल के लिए ज्ञात समस्याएं हैं जैसे मानव और मजदूर अधिकारों का उल्लंघन एवं अस्वीकार्य पर्यावरणीय परिणाम: बाल मजदूरी, पर्यावरणीय विनाश और पानी की कमी।
विनियामक आवश्यकता	वर्तमान में बैटरी (प्रबंधन एवं हथालन) नियम, 2001 लागू है हालांकि यह लिथियम आयन बैटरी कवर नहीं करता या गहराई से निर्माता ज़िम्मेदारी विस्तारित नहीं करता, लेकिन 2020 के नए नियमों के प्रारूप में इस प्रकार की आवश्यकता शामिल होगी।
प्रबंधन विकल्प	• प्लैटफॉर्म में बोर्ड द्वारा स्वीकृत मानवाधिकार नीति होगी जो विपरीत मानवाधिकार प्रभावों (आधुनिक गुलामी सहित) का कारण बनने या योगदान देने से बचने हेतु प्लैटफॉर्म की प्रतिबद्धता और प्लैटफॉर्म के परिचालन, उत्पाद या सेवाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े विपरीत मानवाधिकार प्रभावों को रोकने या न्यूनीकरण करने के प्रयास हेतु प्लैटफॉर्म की प्रतिबद्धता को सीमांकित करते हैं। व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शी सिद्धांतों, बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए ओईसीडी दिशा निर्देशों और आईएलक्यू मौलिक संधिपत्रों और सिफारिशों का भी मानवाधिकार नीति समर्थन करेगी। • प्रस्तावित संस्था के चुनिंदा आपूर्तिकर्ताओं के लिए आपूर्ति श्रृंखला सम्यक तत्परता का उत्तरदायित्व लें। नकारात्मक रिपोर्ट वाले आपूर्तिकर्ताओं को शामिल न करें। • आधुनिक गुलामी जैसे मानवाधिकार जोखिमों के संदर्भ में आपूर्तिकर्ताओं के कार्य निष्पादन रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए जांच और सम्यक तत्परता का दायित्व लेने हेतु प्रत्येक उप-परियोजना में उसके मानवाधिकार जोखिम प्रोफाइल के अनुरूप एक प्रक्रिया होगी। • अधिक पारदर्शिता और नियंत्रण का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में विनियामक घटनाओं के संबंध में हितधारकों के साथ परामर्श में सक्रिय रूप से जुड़ें। • इस विषय के संबंध में आपूर्तिकर्ता शासन प्रणाली और सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के बारे में वित्त पोषण करने वाले प्रतिपक्षों के साथ कार्यशालाओं और प्रशिक्षण में हिस्सा लें।

2.3 अप्रत्यक्ष उत्सर्जन और वायु गुणवत्ता

ईवी में कोई प्रत्यक्ष वायु उत्सर्जन नहीं है क्योंकि इनमें बिजली ही एकमात्र ईंधन का स्त्रोत है। पेट्रोल, डीज़ल, और यहाँ तक कि गैस-ईंधन पर चलने वाले वाहनों की तुलना में यह एक महत्वपूर्ण फायदा है क्योंकि वाहनों से होने वाला उत्सर्जन भारत सहित सभी प्रमुख शहरों में महत्वपूर्ण अनुपात में प्रदूषण के लिए कारण बनता है। इंटरनल कम्बशन इंजन यानी आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) सीओ2, एनओएक्स, एसओ2, और पीएम जैसे प्रदूषकों का निर्माण करता है जो सीधे तौर पर हवा में उत्सर्जित होते हैं।

यह देखते हुए कि भारत का ग्रिड अब भी पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भर है इसलिए ईवी में बैटरियों की चार्जिंग में उपयोग होने वाली ऊर्जा के उत्पादन में अप्रत्यक्ष उत्सर्जन भी शामिल है। आने वाले समय में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण कर अपने ग्रिड के विकार्बनीकरण के लिए भारत के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के द्वारा इसका न्यूनीकरण किया गया है जो विद्युतीकरण के साथ साथ परिवहन क्षेत्र के विकार्बनीकरण में सहायता करेगा। आखिरकार, आईसीई के परिचालन की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन से फिर भी कम उत्सर्जन होता है।

ईवी के परिचालन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के आधारभूत ढांचे के सहयोग और संबंधित भंडारण तंत्र से इस क्षेत्र से होने वाले संपूर्ण उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है। नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण टेक्नोलॉजी के लगातार बढ़ रहे ट्रेंड का विचार करते हुए आने वाले वर्षों में वाहन संबंधी स्त्रोतों से होने वाले वायु उत्सर्जन को कम करने के लिए ईवी क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं हैं। सार

जोखिम	नवीकरणीय स्त्रोतों के बजाय ग्रिड के माध्यम से ईवी के चार्जिंग द्वारा अप्रत्यक्ष उत्सर्जन उत्पादित हो सकता है।
विनियामक आवश्यकता	इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए ऊर्जा के स्त्रोत पर किसी तरह की आवश्यकता नहीं है।
प्रबंधन विकल्प	• इसके परिचालन से जुड़े अप्रत्यक्ष उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य अवसरों की जांच और खोज करने के लिए प्लैटफॉर्म सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का उपयोग करेगा। इसमें कार्यस्थल पर नवीकरणीय ऊर्जा (उदा. छत पर सौर ऊर्जा) लगाना, प्रेषणयोग्य भंडारण, नवीकरणीय बिजली का प्रापण शामिल हो सकता है। • प्लैटफॉर्म अपनी नीतियों और हितधारक प्रबंधन कार्यक्रम में ग्रिड विकार्बनीकरण का समर्थन करने वाले सरकारी कार्यक्रमों की सहायता और सहभागिता को सम्मिलित कर सकता है।

2.4 सामाजिक प्रभाव

ईवी में परिवर्तन करने से अनेकों सकारात्मक सामाजिक प्रभाव अपेक्षित हैं।

- जीवाष्म ईंधनों पर चलने वाले वाहनों की तुलना में ईवी में ईंधन की लागत अपेक्षाकृत रूप से कम है। यह ग्राहकों के लिए स्पष्ट रूप से प्रोत्साहन प्रदान करता है क्योंकि वे आईसीई की बजाय ईवी का इस्तेमाल कर ईंधन की लागत में बड़ी मात्रा में बचत कर सकते हैं।
- सार्वजनिक परिवहन में ईवी के जुड़ने से बेहतर विशेषताओं और परिवहन की गुणवत्ता वाली नई बसें उपलब्ध होंगी। आधुनिक सुरक्षा विशेषताएं, कैमरा की उपलब्धता और सर्वव्यापी पहुँच से समाज को लाभ प्राप्त होगा, विशेष रूप से महिलाओं और कमज़ोर वर्गों के लिए, और इसके साथ ही कम प्रदूषण से बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिलेंगे।
- ईवी और संबंधित आधारभूत ढांचे के आगमन से चार्जिंग स्टेशनों, निर्माण में वृद्धि, अनुसंधान एवं विकास तथा इसके भी आगे कई नए मार्ग खुलेंगे जो रोज़गार के लिए अवसर प्रदान करेंगे। इसमें बैटरी और सहायक आपूर्ति नेटवर्क द्वारा वृद्धि होगी जिसकी स्थापना ई-गतिशीलता क्षेत्र की न्यूनता पूर्ण करने के लिए की जाएगी।

हालांकि, ईवी की ओर सामाजिक झुकाव के कारण कुछ अप्रत्यक्ष बदलाव हो सकते हैं जैसे कि पारंपरिक वाहन क्षेत्र में भूमिकाओं के लिए पुन:कौशल प्राप्त करना। यह नोट किया जाए कि पारंपरिक बसों के साथ प्लैटफॉर्म का कोई संबंध नहीं होगा और अदला बदली की बजाय ईवी मुख्य रूप से नई बस क्षमता का समर्थन करेंगे। इसके अलावा, परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन कुल वाहनों के समूह के केवल एक छोटे खंड के लिए योगदान देंगे। उन मामलों में भी जहां पारंपरिक बसों को ईवी द्वारा बदला जा रहा है, चालकों को इस प्रकार के बसों के परिचालन के लिए मूलभूत प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षित किया जा सकता है क्योंकि वाहन चलाने की तकनीक समान ही रहेगी। इसलिए कार्यक्रम की वजह से पारंपरिक बसों के चालकों के आर्थिक विस्थापन की समस्याओं और उनकी आजीविका को फिर से बहाल करने जैसी आवश्यकता को परिकल्पित नहीं किया गया है

सार

जोखिम	इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तन से संबंधित कुछ अप्रत्यक्ष सामाजिक प्रभाव हो सकते हैं, हालांकि यह उप-परियोजनाओं के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में अपेक्षित नहीं है, जिनके सामाजिक रूप से लाभप्रद प्रभाव हो सकते हैं जैसे रोज़गार के लिए अवसरों का निर्माण, वायु की गुणवत्ता में सुधार और परिवहन के नए विकल्पों तक पहुँच।
विनियामक आवश्यकता	शून्य
प्रबंधन विकल्प	• प्रत्येक उप-परियोजना के लिए नियोजन चरण के एक भाग के रुप में इस वजह से हुए सामाजिक प्रभाव का विचार करें, जिसमें शामिल है नए/पुन:कौशल प्राप्त श्रमिकों के लिए नौकरी निर्माण, ध्वनि और प्रदूषण में कमी के कारण सुविधा और सौंदर्य बोध में सुधार, सुमदायों के लिए वर्धित निम्न-लागत गतिशीलता और संयोजकता और ग्राहकों के लिए जीवन की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार • व्यवहार के परिणाम स्वरुप उल्लेखनीय छंटनी की संभावना की समीक्षा करें (असंभाव्य) • वित्त-पोषण करने वाले प्रतिपक्षों द्वारा आयोजित ई-गतिशीलता क्षेत्र के लिए कार्यशालाओं और प्रशिक्षण का समर्थन करें या इसमें शामिल हों

2.5 लिंग आधारित हिंसा

लिंग आधारित हिंसा (और यौन दुर्व्यवहार, शोषण और उत्पीड़न के अन्य स्वरूप, या एसईएएच) और सार्वजनिक परिवहन में इससे संबंधित सुरक्षा का विचार भारत में ज्ञात समस्याएं हैं। प्लैटफॉर्म द्वारा वित्त-पोषित बसों और अन्य वाहनों में लिंग आधारित हिंसा के घटने की संभावना है। यह प्लैटफॉर्म के नियंत्रण के भीतर नहीं है हालांकि सीसीटीवी कैमरा और पैनिक बटन जैसे अनेकों प्रकार के सुरक्षा विनियम हैं जो परिवहन रियायतों के अंतर्गत आवश्यक हैं। इस जोखिम से होने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव के न्यूनीकरण के लिए इन विनियमों की पूर्तता हेतु वाहनों के अनुपालन की निगरानी की मांग प्लैटफॉर्म द्वारा की जाएगी। इस जोखिम के प्रभाव को सीमित करने के लिए प्रत्येक उप-परियोजना के एक भाग के रूप में विनियमों, सर्वश्रेष्ठ प्रणाली, प्रतिपक्ष की पद्धतियों और अन्य न्यूनीकरण उपायों की समीक्षा की जाएगी।

सार

जोखिम	सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं के उत्पीड़न की संभावना होती है, विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाली बसों और सुनसान जगहों में। प्लैटफॉर्म द्वारा वित्तपोषित (प्रतिपक्ष द्वारा परिचालित) वाहनों में लिंग आधारित हिंसा का खतरा बना रहता है।
विनियामक आवश्यकता	भारतीय दंड संहिता में सार्वजनिक जगहों पर उत्पीड़न या दुर्व्यवहार के लिए अनेकों कानून मौजूद हैं, हालांकि, इनमें परिवहन क्षेत्र से संबंधित कोई भी नहीं है। नए वाहनों में सुरक्षा विशेषताओं को शामिल करने हेतु सार्वजनिक बस रियायतों में कुछ विनियामक आवश्यकताएं।
प्रबंधन विकल्प	लिंग कृति योजना में विस्तार से वर्णित। लिंग कृति योजना के कुछ उदाहरणों में शामिल है: • आपातकालीन कॉल बटन, सीसीटीवी कैमरा, विकलांगों के लिए आसान पहुँच जैसी सुरक्षा विशेषताओं के संबंध में ई-बसों में आवश्यकताओं के अनुपालन की निगरानी। • सहायक कार्यक्रम जैसे बसों में महिला परिचालकों या महिला चालकों या सिर्फ महिलाओं के लिए बसों की संख्या में वृद्धि करना।

3. ईएसएस वर्गीकरण

कार्यक्रम का ध्यान केंद्रित है एक ऐसे प्लैटफॉर्म की स्थापना करना जो इलेक्ट्रिक वाहनों, चार्जिंग आधारभूत ढांचों के निर्माण या ई-गतिशीलता मूल्य श्रृंखला के ईर्दगिर्द अन्य निवेशों के लिए मुख्यत: कॉर्पोरेट प्रतिपक्षों को वित्त पोषण प्रदान करे। यह खंड प्रत्येक उप-परियोजना के लिए उप-क्षेत्र द्वारा मुख्य जोखिमों के मूल्यांकन को सीमांकित करता है जिसे प्लैटफॉर्म द्वारा वित्त-पोषित किया जाना अपेक्षित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी उप-परियोजनाओं का वर्ग बी या इससे नीचे आना परिकल्पित है। हालांकि, ईएवंएस जोखिम और प्रभाव के लिए प्रत्येक उप-परियोजना की जाँच की जाएगी और नीचे खंड 4.3.1 में दिए गए विवरण के अनुसार वर्गीकरण निर्दिष्ट किया जाएगा।

नीचे संक्षेप में दिए गए मूल्यांकन के आधार पर कार्यक्रम का वर्गीकरण मध्यस्थता **-2** के रुप में किया गया है ताकि इस बात का विचार हो सके कि प्लैटफॉर्म ई-गतिशीलता निवेश के परिचालन के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाएग जिसमें अधिकतम वर्गीकरण वर्ग बी का होगा।

वर्गीकरण के लिए मुख्य कारण MAM के ईएसआर टूलकिट में परिभाषित मानदंड के अनुसार प्लैटफॉर्म और उपपरियोजनाओं के अपेक्षित जोखिमों और आईएफसी प्रदर्शन मानकों के खिलाफ मूल्यांकन और संभाव्य प्रबंधन विकल्पों के आधार पर है जिन्हें निम्नलिखित खंड में संक्षेप में दिया गया है।

यह विचारों या संभाव्य प्रबंधन रणनीतियों की एक विस्तृत सूची नहीं है – प्रत्येक उप-परियोजना की समीक्षा हर मामले के आधार पर की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समग्र रूप से ईएवंएस जोखिमों पर विचार किया गया है। उप-परियोजनाओं में ईएवंएस जोखिमों के मूल्यांकन एवं प्रबंधन पर अधिक विवरण के लिए कृपया खंड **4.3** देखें।

3.1 इलेक्ट्रिक बसें

अधिकतम वर्गीकरण: वर्ग बी

एक संकेंद्रित ओईएम बेस और विखंडित परिचालक बेस के साथ इलेक्ट्रिक बसें पूंजी प्रधान हैं। प्लैटफॉर्म इस क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करेगा और कुछ मुख्य ओईएम के साथ भागीदारी करेगा जो सक्रिय रूप से इलेक्ट्रिक बसों में स्थानांतरित होने की कोशिश कर रहे हैं। अंतर्शहरी (शहर के भीतर), एफएएमई II अनुदान आधारित नीलामी को लक्ष्य बनाते हुए प्लैटफॉर्म प्रमुख कंपनियों और इसके साथ ही उन प्रमुख कंपनियों को भी नवाचारी वित्त-पोषण समाधान प्रदान करेगा जो निजी, अंतर-शहरी बस क्षेत्र में परिचालन कर रही हैं।

वित्त पोषण समाधान में जो उत्पाद शामिल हैं वे हैं पट्टे पर देना, परियोजना वित्त पोषण, प्राप्य राशियों के लिए वित्त पोषण और अन्य नवाचारी समाधान जो बाजार की आवश्यकताओं की सर्वश्रेष्ठ तरीके से पूर्ति करते हैं। प्लैटफॉर्म बस तैनाती के सभी खंडों को लक्षित करेगा जिसमें शामिल हैं अंतर्शहरी सार्वजनिक परिवहन, अंतर-शहरी परिवहन, स्कूल बसें, ऑफिस और अन्य व्यावसायिक उपयोग के लिए बसें।

मुख्य ईएवंएस जोखिम, न्यूनीकरण और प्रबंधन

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
जोखिमों का प्रबंधन या न्यूनीकरण करने के लिए प्रतिपक्ष के पास पर्याप्त ईएवंएस नीतियां या पद्धतियाँ नहीं है	पीएस1: जोखिम प्रबंधन	• उप-परियोजनाओं के लिए ईएवंएस प्रबंधन के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन के लिए प्रतिपक्ष शामिल होगा। • एक खतरा है कि प्रतिपक्ष के पास संभाव्य ईएवंएस जोखिम का प्रबंध करने के लिए क्षमता या शासन प्रणाली नहीं है।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)। • प्लैटफॉर्म किसी भी उच्च जोखिम वाले वर्ग ए परियोजनाओं की बजाय केवल वर्ग बी परियोजनाओं में निवेश करेंगे। • उप-परियोजनाओं की जारी निगरानी के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म ईएवंएस प्रबंधन के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा।

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
प्रतिपक्ष कर्मचारियों की कार्य करने की स्थितियाँ	पीएस2: श्रम / श्रमिक	• उप-परियोजनाओं में शामिल कर्मचारियों में बस चालक, प्रशासकीय/कार्यालय कर्मचारी, तकनीकी और रखरखाव कर्मचारी या अन्य शामिल हो सकते हैं। • इस बात का खतरा हो सकता है कि प्रतिपक्ष रोजगार और श्रमिकों की स्थितियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन न करता हो जिसमें शामिल है काम, स्वास्थ्य और सुरक्षा, ग़ैर-भेदभाव और समान अवसर, एसईएएच और बाल मजदूरी कानून।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)।
आपूर्ति श्रृंखला में कार्य करने की स्थितियाँ	पीएस2: श्रम / श्रमिक	• बैटरियों की आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित कुछ ज्ञात समस्याएं हैं जिसमें शामिल है काम करने की खराब स्थितियाँ। • इस बात का खतरा है कि ई-बसो में इस्तेमाल की जाने वाली बैटरियाँ ऐसे आपूर्तिकर्ता से प्राप्त की गई है जो रोजगार और श्रमिकों की स्थितियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन न करते हों जिसमें शामिल हैं काम, स्वास्थ्य और सुरक्षा, ग़ैर-भेदभाव और समान अवसर, और बाल मजदूरी कानून।	• प्रतिपक्ष या निर्माता की प्रापण नीतियों और पद्धतियों की समीक्षा प्लैटफॉर्म द्वारा की जाएगी, विशेष रूप से उनके अपने आपूर्तिकर्ता सम्यक तत्परता के संबं यह इसके प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर शामिल है (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली) • यदि श्रमिकों की खराब स्थितियों की पहचान होने की पुष्टि होती है तो इसे वर्ग ए में या 'प्रबंध करने योग्य नहीं' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। दोनों ही मामलों में प्लैटफॉर्म इसमें निवेश करना जारी नहीं रखेगा।
लिंग आधारित हिंसा और उत्पीड़न (जीबीवीएच) (एसईएएच पर सोच-विचार सहित)	पीएस2: श्रम, पीएस4: समुदाय	• सार्वजनिक परिवहन में जीबीवीएच की घटनाएं प्रचलन में हो सकती हैं (जिस प्रकार इस कार्यक्रम के लिए लिंग मूल्यांकन में सीमांकित किया गया है) और इससे महिलाओं द्वारा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और समाज में सहभागिता प्रतिबंधित हो सकती है।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्षों की जीबीवीएच नीतियों की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष और उप-परियोजना सम्यक तत्परता प्रश्नावली)। • इस समस्या पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए प्लैटफॉर्म ने लिंग कृति योजना में कई कृतियों की पहचान की है जिसमें शामिल है बसों में सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना जैसे सीसीटीवी कैमरा, पैनिक बटन या अन्य।
कौशल में संभाव्य परिवर्तन	पीएस2: श्रम, पीएस4: समुदाय	• एक वास्तविक या सोचा गया खतरा हो सकता है कि ई-बसों में बदलाव उद्योग में मौजूदा बस	• उप-परियोजनाओं के कारण प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारियों की छंटनी नहीं होगी। • उप-परियोजनाओं के संभाव्य सकारात्मक सामाजिक

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		चालकों या अन्य मजदूरों का आर्थिक विस्थापन का कारण बने	प्रभावों की पहचान की जानी है। • संपूर्ण उद्योग में ईवी में व्यापाक बदलाव के भाग के तौर पर ई-बसों के लिए नए परिवर्तन या नए कौशल को अपनाने हेतु प्रतिपक्षों में अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता हो सकती है (कम से कम होने की उम्मीद है)। इसकी समीक्षा प्रतिपक्ष के श्रम नीतियों के भाग के तौर पर की जाएगी।
चार्जिंग के लिए बिजली का उपयोग	पीएस3: संसाधन कार्यक्षमता	• इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग की आवश्यकता होगी जो हो सकता है ग्रिड या प्रत्यक्ष उत्पादन से आए, जिसे अनवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त किया गया हो। इससे जीएचजी उत्सर्जन कम करने में कार्यक्रम का कुल प्रभाव सीमित हो सकता है।	• उप-परियोजनाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के अवसरों की पहचान करने हेतु प्लैटफॉर्म द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का उपयोग किया जाएगा। • भारत में इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड का एक बदलाव जारी है जो कुछ समय बाद ईवी चार्जिंग के प्रभाव में सुधार लाएगा।
बैटरियों के लिए सामग्री का निपटान (या अन्य रुप से) और वाहन की स्क्रैपिंग	पीएस3: संसाधन कार्यक्षमता	• सभी इलेक्ट्रिक बसों में एक बैटरी का उपयोग किया जाएगा जहाँ वर्तमान में इन सामग्री के निपटान के लिए सीमित संवहनीय विकल्प मौजूद हैं। • ई-वाहनों की स्क्रैपिंग उन मामलों में एक समस्या हो सकती है जहाँ किसी दुर्घटना के कारण वाहनों को बहुत ज़्यादा नुकसान हुआ हो, या इस प्रकार के वाहनों की आयु समाप्त हो गई हो। • अधिक संख्या में ई-बसों के लिए वित्त पोषण उपलब्ध कराने से खतरा है कि प्लैटफॉर्म भविष्य में ज़्यादा ई-अपशिष्ट तैयार करने में योगदान देगा और हो सकता है जिसका प्रबंध एक संवहनीय या पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील तरीके से न किया जाए।	• खंड 4.3.2.2 बैटरी निपटान के सिद्धांत में पहचान किए गए सिद्धांतों के अनुरूप प्लैटफॉर्म द्वारा निपटान प्रबंधन योजना की पहचान की जाएगी। • निपटान प्रक्रिया में भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों की पहचान प्रारंभिक स्तर पर ही की जाएगी और इसे वित्त पोषण दस्तावेज में एकीकृत किया जाएगा। • प्लैटफॉर्म एक वाहन स्क्रैपिंग नीति विकसित करेगा जो सरकार के दिशानिर्देशों के साथ संरेखित होगी। स्क्रैपिंग से प्राप्त की गई सामग्री के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र।
समुदाय के लिए बसों का उपयोग	पीएस4: समुदाय	• सार्वजनिक और निजी बसों को समुदाय के लिए सेवा प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है। नई इलेक्ट्रिक बसों से प्रदूषण कम होने की उम्मीद है जिसका	• प्लैटफॉर्म वाहनों के वित्त पोषण में शामिल होगा और सार्वजनिक परिवहन नीतियाँ (जैसे मार्ग, या निविदा) विकसित करने हेतु इसके शामिल होने की संभावना नहीं है जो राज्य या केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी है। • प्लैटफॉर्म समुदाय में प्रतिपक्ष की सहभागिता और

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		समुदाय पर प्रभाव पड़ता है हालांकि इसमें अन्य जोखिम शामिल हो सकते हैं जैसे वित्त पोषित बसों की गुणवत्ता या बसों का उपयोग।	सुसंगत हितधारक परामर्श सावधानीपूर्वक होगा, विशेष रुप से यदि अपेक्षित बस मार्ग के प्रतिपक्ष में एक विशिष्ट समुदाय या प्रभावित समूह शामिल हो।
महिलाओं द्वारा बसों का उपयोग	पीएस4: समुदाय	• इस कार्यक्रम के लिए लैंगिक मूल्यांकन में बताया गया है कि, सार्वजनिक परिवहन के डिजाइन तथा सुरक्षित तरीके से सेवाओं का उपयोग करने की क्षमता से समाज में महिलाओं की भागीदारी पर असर पड़ सकता है।	• लैंगिक कार्य-योजना के तहत, प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग के लिए सेवाओं के कुछ खास क्षेत्रों की पहचान करना चाहता है ताकि महिलाओं की सहायता की जा सके। • प्लैटफॉर्म द्वारा प्रत्येक उप-परियोजना के लिए लैंगिक मूल्यांकन के माध्यम से लैंगिक प्रभावों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें लैंगिक आधार पर अलग-अलग आँकड़े (जिसे प्रत्येक उप-परियोजना की पहचान के बाद चिह्नित किया जाएगा) एकत्र करना शामिल है।

3.2 चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचना

अधिकतम वर्गीकरण: वर्ग बी

वाहनों के विद्युतीकरण के मनोनुकूल लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचनाओं (सार्वजनिक और निजी) के मौजूदा स्तरों से तेजी से बढ़ाना आवश्यक है। फिलहाल यह क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं, नीतियों से संबंधित अनिश्चितता तथा सीमित फाइनेंसिंग के साथ-साथ अत्यधिक अग्रिम लागत जैसी परेशानी से जूझ रहा है। यह प्लैटफॉर्म बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों / ऑपरेटरों के लिए साझा सेवा के रूप में चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचनाओं की तेजी से और सक्रियतापूर्वक तैनाती के लिए फाइनेंसिंग समाधान उपलब्ध कराकर भारत में ई-मोबिलिटी क्षेत्र के विकास की एक बड़ी बाधा को दूर करने की कोशिश करेगा।

मुख्य ईएवंएस जोखिम, न्यूनीकरण और प्रबंधन

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
जोखिमों का प्रबंधन या न्यूनीकरण करने के लिए प्रतिपक्ष के पास पर्याप्त ईएवंएस नीतियां या पद्धतियाँ नहीं है	पीएस1: जोखिम प्रबंधन	• उप-परियोजनाओं के लिए ईएवंएस प्रबंधन के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन के लिए प्रतिपक्ष शामिल होगा। • एक खतरा है कि प्रतिपक्ष के पास संभाव्य ईएवंएस जोखिम का प्रबंध करने के लिए क्षमता या शासन प्रणाली नहीं है।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)। • प्लैटफॉर्म किसी भी उच्च जोखिम वाले वर्ग ए परियोजनाओं की बजाय केवल वर्ग बी परियोजनाओं में निवेश करेंगे। • उप-परियोजनाओं की जारी निगरानी के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म ईएवंएस प्रबंधन के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा।
प्रतिपक्ष कर्मचारियों की कार्य करने की स्थितियाँ	पीएस2: श्रम / श्रमिक	• उप-परियोजनाओं से जुड़े कर्मचारियों में प्रशासन/कार्यालय	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		के कर्मचारी, तकनीकी और रखरखाव कर्मचारी या अन्य कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। • दूसरे पक्ष की ओर से रोजगार तथा कामकाज की परिस्थितियों के संबंध में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मानकों के पालन नहीं करने का जोखिम बना रहता है, जिसमें कार्य, स्वास्थ्य और सुरक्षा, भेदभाव रहित और समान अवसर, SEAH तथा बाल श्रम कानून शामिल हैं।	क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)।
लिंग आधारित हिंसा और उत्पीड़न (जीबीवीएच) (एसईएएच पर सोच-विचार सहित)	पीएस2: श्रम, पीएस4: समुदाय	• सार्वजनिक परिवहन में GBVH की घटनाएँ हो सकती हैं (जैसा कि इस कार्यक्रम के लिए लैंगिक मूल्यांकन में बताया गया है) और महिलाओं द्वारा चार्जिंग पॉइंट के उपयोग तथा समाज में उनकी भागीदारी को प्रतिबंधित कर सकता है।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्षों की जीबीवीएच नीतियों की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष और उप-परियोजना सम्यक तत्परता प्रश्नावली)। • प्लैटफॉर्म ने इस मुद्दे को उप-परियोजनाओं में लक्षित करने के लिए लैंगिक कार्य योजना में कई कार्रवाइयों की पहचान की है, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, चार्जिंग स्टेशनों पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था या इसी तरह की अन्य सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल है।
चार्जिंग के लिए बिजली का उपयोग	पीएस3: संसाधन कार्यक्षमता	• गैर-नवीकरणीय स्रोतों से चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचनाओं को प्राप्त किया जा सकता है। इससे जीएचजी उत्सर्जन कम करने में कार्यक्रम का कुल प्रभाव सीमित हो सकता है।	• उप-परियोजनाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के अवसरों की पहचान करने हेतु प्लैटफॉर्म द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का उपयोग किया जाएगा। • भारत में इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड का एक बदलाव जारी है जो कुछ समय बाद ईवी चार्जिंग के प्रभाव में सुधार लाएगा।
महिलाओं द्वारा चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचनाओं का उपयोग	पीएस4: समुदाय	• इस कार्यक्रम के लिए लैंगिक मूल्यांकन में बताया गया है कि, सार्वजनिक सेवाओं के डिजाइन (जैसे कि चार्जिंग पॉइंट) तथा सुरक्षित तरीके से सेवाओं का उपयोग करने की क्षमता से समाज में महिलाओं की भागीदारी पर असर पड़ सकता है।	• लैंगिक-कार्य योजना में, प्लैटफॉर्म द्वारा प्रत्येक उप-परियोजना के लिए लैंगिक मूल्यांकन के माध्यम से लैंगिक प्रभावों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें लैंगिक आधार पर अलग-अलग आँकड़े (जिसे प्रत्येक उप-परियोजना की पहचान के बाद चिह्नित किया जाएगा) एकत्र करने के साथ-साथ परियोजना के डिजाइन में महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के अवसरों (जैसे कि, जहाँ संभव हो, वहाँ महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चार्जिंग पॉइंट्स का

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
			स्थान निर्धारित करना) की पहचान करना शामिल है।
भूमि अधिग्रहण से होने वाले प्रभाव	पीएस5: भूखंड के लोगों का पुनर्वास, PS6: जैव-विविधता, PS7: एक ही क्षेत्र का जन-समूह, PS8: सांस्कृतिक धरोहर)	• चार्जिंग पॉइंट्स हेतु बुनियादी संरचनाओं के तहत नए चार्जिंग पॉइंट्स लगाने के लिए जमीन का अधिग्रहण करना या पट्टे पर लेना शामिल हो सकता है। • भूमि के अधिग्रहण से स्थानीय लोगों के पुनर्वास के अलावा, जैव-विविधता, स्थानीय लोगों या सांस्कृतिक धरोहर के प्रभावित होने की संभावना है।	• चार्जिंग पॉइंट्स के आकार और स्थान के स्वरूप को देखते हुए स्थानीय लोगों के पुनर्वास के साथ-साथ जैव-विविधता, स्थानीय लोगों या सांस्कृतिक धरोहर पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है, जिसमें मुख्य रूप से शहरी परिवेश को इस दायरे में शामिल किया गया है जहाँ वर्तमान में व्यावसायिक उपयोग की संभावना है साथ ही ऐसे स्थानों पर चार्जिंग पॉइंट्स उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाजनक हैं। • E&S की समुचित प्रक्रियाओं के तहत जैव विविधता, स्थानीय लोगों या सांस्कृतिक धरोहर के संदर्भ में चिह्नित किए गए किसी भी तरह के सीमित प्रभावों की स्थिति में, उस उप-परियोजना हेतु फाइनेंसिंग से जुड़े निर्णय लेने (और प्रासंगिक ESAP) के लिए E&S जोखिम एवं न्यूनीकरण सारांश में ऐसे प्रभावों को कम करने वाली कार्रवाइयों की आवश्यकता होगी। • परिशिष्ट में अवसरों की तलाश की प्रक्रिया शामिल की गई है। • परिशिष्ट में पुनर्वास की रूपरेखा तथा स्वदेशी लोगों के लिए योजना निर्दिष्ट की गई है। • बड़े पैमाने पर किसी भी तरह के पुनर्वास के साथ-साथ जैव-विविधता, स्थानीय लोगों या सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े जोखिम / प्रभावों को श्रेणी-ए परियोजना के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, और अगर इसे कम कर पाना संभव नहीं होगा तो प्लैटफॉर्म ऐसी गतिविधियों में निवेश नहीं करेगा।
इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) तथा नए इलेक्ट्रिक बस डिपो के लिए चार्जिंग हेतु बुनियादी संरचनाओं की स्थापना की वजह से पड़ने वाले प्रभाव	पीएस3: संसाधनों का कुशल उपयोग तथा प्रदूषण की रोकथाम पीएस4: सामुदायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा	• चार्जिंग पॉइंट्स हेतु बुनियादी संरचनाओं तथा नए बस डिपो के निर्माण में पर्यावरण से जुड़ी समस्याएँ भी शामिल होंगी, जैसे कि धूल उत्सर्जन, विनिर्माण कार्यों से अपशिष्ट का उत्पादन, पानी का उपयोग, मजदूरों के शिविरों तथा विनिर्माण से अपशिष्ट जल की निकासी, श्रम प्रबंधन से संबंधित सामाजिक मुद्दे, अतिरिक्त समय तक काम करना, मजदूरों के रहने की	• प्लैटफॉर्म से जुड़े दूसरे पक्षों के लिए ESIA के दौरान भवन-निर्माण सभी संबंधी जोखिमों की पहचान करना और उसी के अनुरूप प्रबंधन योजना तैयार करना आवश्यक होगा। • यातायात सुरक्षा, धूल उत्पादन, बहुत अधिक शोर, जल प्रबंधन, मजदूरों का बड़े पैमाने पर आगमन या इसी प्रकार की अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए सामुदायिक H&S प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी।

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		व्यवस्था, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, विनिर्माण कार्यों की वजह से समुदाय को होने वाली परेशानी, यातायात की आवाजाही में वृद्धि और ट्रैफिक के मार्गों में बदलाव, मजदूरों का बड़े पैमाने पर आना, इत्यादि।	

3.3 कॉर्पोरेट सहभागिता पर आधारित वाहनों का समूह (4W)

अधिकतम वर्गीकरण: वर्ग बी

निजी कंपनियों को आवागमन की सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली कंपनियों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना एक प्रमुख विषय है। हालाँकि, बैंकों से फाइनेंसिंग की सीमित उपलब्धता या व्यवसाय के लिए उपयुक्त मॉडल का अभाव एक स्थायी व्यवसाय के संचालन हेतु उपयोग सीमा को प्राप्त करने में असमर्थता की वजह से इस क्षेत्र को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

यह प्लैटफॉर्म इस क्षेत्र में फाइनेंसिंग और व्यवहार्यता में मौजूद बड़े अंतर को दूर करने के अलावा कुछ बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम करने के उद्देश्य से सुविधाजनक निवेश की पेशकश करता है तथा पोर्टफोलियो को सीमित संख्या में बेहद अहम संबंधों के इर्द-गिर्द केंद्रित करने का प्रयास करता है। यह प्लैटफॉर्म सेवा प्रदाताओं को बसों और चार-पहिया वाले अन्य हल्के वाणिज्यिक वाहनों के साझा बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए काम करेगा।

मुख्य ईएवंएस जोखिम, न्यूनीकरण और प्रबंधन

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
जोखिमों का प्रबंधन या न्यूनीकरण करने के लिए प्रतिपक्ष के पास पर्याप्त ईएवंएस नीतियां या पद्धतियाँ नहीं है	पीएस1: जोखिम प्रबंधन	• उप-परियोजनाओं के लिए ईएवंएस प्रबंधन के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन के लिए प्रतिपक्ष शामिल होगा। • एक खतरा है कि प्रतिपक्ष के पास संभाव्य ईएवंएस जोखिम का प्रबंध करने के लिए क्षमता या शासन प्रणाली नहीं है।	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)। • प्लैटफॉर्म किसी भी उच्च जोखिम वाले वर्ग ए परियोजनाओं की बजाय केवल वर्ग बी परियोजनाओं में निवेश करेंगे। • उप-परियोजनाओं की जारी निगरानी के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म ईएवंएस प्रबंधन के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा।
प्रतिपक्ष कर्मचारियों की कार्य करने की स्थितियाँ	पीएस2: श्रम / श्रमिक	• उप-परियोजनाओं से जुड़े कर्मचारियों में मुख्य रूप से प्रशासन/कार्यालय के कर्मचारी, तकनीकी और रखरखाव कर्मचारी या अन्य कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। • इस बात का खतरा हो सकता है	• अपने प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर प्लैटफॉर्म प्रतिपक्ष की नीतियों, पद्धतियों और क्षमता की समीक्षा करेगा (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली)।

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		कि प्रतिपक्ष रोजगार और श्रमिकों की स्थितियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन न करता हो जिसमें शामिल है काम, स्वास्थ्य और सुरक्षा, ग़ैर-भेदभाव और समान अवसर, एसईएएच और बाल मजदूरी कानून।	
आपूर्ति श्रृंखला में कार्य करने की स्थितियाँ	पीएस2: श्रम / श्रमिक	• बैटरियों की आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित कुछ ज्ञात समस्याएं हैं जिसमें शामिल है काम करने की खराब स्थितियाँ। • एक जोखिम यह है कि, इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाई जाने वाली बैटरियों को ऐसे आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त किया गया हो, जो रोजगार एवं कामकाज की परिस्थितियों के संबंध में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन नहीं करते हैं, जिसमें कामकाज, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, गैर-भेदभाव और समान अवसर, तथा बाल श्रम कानून का अनुपालन शामिल है।	• प्रतिपक्ष या निर्माता की प्रापण नीतियों और पद्धतियों की समीक्षा प्लैटफॉर्म द्वारा की जाएगी, विशेष रूप से उनके अपने आपूर्तिकर्ता सम्यक तत्परता के संबं यह इसके प्रारंभिक सम्यक तत्परता के भाग के तौर पर शामिल है (परिशिष्ट 2 देखें- प्रतिपक्ष सम्यक तत्परता प्रश्नावली) • यदि श्रमिकों की खराब स्थितियों की पहचान होने की पुष्टि होती है तो इसे वर्ग ए में या 'प्रबंध करने योग्य नहीं' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। दोनों ही मामलों में प्लैटफॉर्म इसमें निवेश करना जारी नहीं रखेगा।
चार्जिंग के लिए बिजली का उपयोग	पीएस3: संसाधन कार्यक्षमता	• इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की आवश्यकता होगी, जो ग्रिड से या सीधे तौर पर उत्पादन से आ सकता है, जिसे गैर-नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इससे जीएचजी उत्सर्जन कम करने में कार्यक्रम का कुल प्रभाव सीमित हो सकता है।	• उप-परियोजनाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के अवसरों की पहचान करने हेतु प्लैटफॉर्म द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का उपयोग किया जाएगा। • भारत में इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड का एक बदलाव जारी है जो कुछ समय बाद ईवी चार्जिंग के प्रभाव में सुधार लाएगा।
बैटरी से संबंधित सामग्रियों का निपटान (या अन्यथा)	पीएस3: संसाधन कार्यक्षमता	• सभी इलेक्ट्रिक बसों में एक बैटरी का उपयोग किया जाएगा जहाँ वर्तमान में इन सामग्री के निपटान के लिए सीमित संवहनीय विकल्प मौजूद हैं। • इसमें एक जोखिम यह है कि, यह प्लैटफॉर्म ज्यादा-से-ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा प्रदान	• लैंगिक-कार्य योजना में, प्लैटफॉर्म द्वारा प्रत्येक उप-परियोजना के लिए लैंगिक मूल्यांकन के माध्यम से लैंगिक प्रभावों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें लैंगिक आधार पर अलग-अलग आँकड़े (जिसे प्रत्येक उप-परियोजना की पहचान के बाद चिह्नित किया जाएगा) एकत्र करने के साथ-साथ परियोजना के डिजाइन में महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के अवसरों (जैसे कि, जहाँ संभव हो, वहाँ महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चार्जिंग पॉइंट्स का

जोखिम	आईएफसी प्रदर्शन मानक	वर्णन	न्यूनीकरण / प्रबंधन
		करके, भविष्य में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कचरे के उत्पाद में योगदान दे सकता है अगर इनका प्रबंधन स्थायी या पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीके से नहीं किया जाए।	स्थान निर्धारित करना) की पहचान करना शामिल है।
महिलाओं द्वारा वाहनों का उपयोग	पीएस4: समुदाय	• इस कार्यक्रम के लिए लैंगिक मूल्यांकन में बताया गया है कि, प्रभावी परिवहन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का बेहद अहम हिस्सा हो सकता है।	• लैंगिक कार्य-योजना के तहत, प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग के लिए सेवाओं के कुछ खास क्षेत्रों की पहचान करना चाहता है ताकि महिलाओं की सहायता की जा सके। • प्लैटफॉर्म द्वारा प्रत्येक उप-परियोजना के लिए लैंगिक मूल्यांकन के माध्यम से लैंगिक प्रभावों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें लैंगिक आधार पर अलग-अलग आँकड़े (जिसे प्रत्येक उप-परियोजना की पहचान के बाद चिह्नित किया जाएगा) एकत्र करना शामिल है।

4. ESMS की संचालन-व्यवस्था

4.1 संरचना

ESMS को प्लैटफॉर्म के संचालन तथा निवेश प्रक्रिया को कवर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उप-परियोजनाओं की समीक्षा एवं निगरानी भी शामिल है। इसका उद्देश्य प्लैटफॉर्म स्तर पर कार्यप्रणाली की मौजूदा रूपरेखा को शामिल करना तथा इसे उप-परियोजनाओं में निचले स्तर तक पहुँचाना है (जिसमें दूसरे पक्षों द्वारा लागू की जाने वाली अन्य प्रणालियाँ एवं रूपरेखाएँ शामिल हो सकती हैं)।

ESMS को MAM के अनुभव के आधार पर और GCF की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है। इसमें मोटे तौर पर दो महत्वपूर्ण खंड शामिल हैं:

खंड ए – संचालन व्यवस्था एवं रिपोर्टिंग इसमें GCF के मानकों एवं आवश्यकताओं के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के अलावा संचालन व्यवस्था के मजबूत ढांचे को स्थापित करने तथा उसे बनाए रखने के लिए कार्यक्रम स्तर पर गतिविधियाँ शामिल हैं।

खंड बी – निवेश प्रक्रिया एवं निगरानी में एकीकरण इसमें उप-परियोजनाओं के विश्लेषण और कार्यान्वयन में E&S के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए गतिविधियाँ और रूपरेखा शामिल है।

4.1.1 सीमाएँ

- मध्यस्थों की भूमिका: फाइनेंसिंग में मध्यस्थता के रूप में, प्लैटफॉर्म इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन से संबंधित गतिविधियों को सीधे लागू नहीं कर पाएगा। हालाँकि, इसे एक लेन-देन के हिस्से के रूप में और फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों से संबंधित गतिविधियों के जरिए समुचित प्रक्रियाओं एवं संरचना के माध्यम से प्लैटफॉर्म द्वारा कम किया जाता।
- अभी तक परिभाषित नहीं की गई उप-परियोजनाएँ: प्लैटफॉर्म द्वारा अभी तक विशेष उप-परियोजनाओं की पहचान नहीं की है, जिन्हें प्लैटफॉर्म की ओर से फाइनेंस की सुविधा दी जाएगी क्योंकि यह अभी तक स्थापित नहीं हुआ है। इसी वजह से, इस स्तर पर (ESMS का भाग-बी) उप-परियोजनाओं के कार्यों को पूरी तरह से परिभाषित नहीं किया जा सकता है। इसे संचालन-व्यवस्था संबंधी अन्य गतिविधियों (भाग-ए) द्वारा कम किया जाता है, जिसका उद्देश्य उप-परियोजनाओं के लिए भाग-बी में गतिविधियों की पहचान करने के लिए रूपरेखा और क्षमता का निर्माण करना है।

4.2 भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ

4.2.1 एक मान्यता प्राप्त संस्था के रूप में **MAAML** की भूमिका

GCF की मान्यता प्राप्त संस्था के रूप में MAAML की भूमिका GCF की ओर से कार्यक्रम की निगरानी करने की होगी। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा, जिसकी पुष्टि की जाती है:

- GCF की सभी नीतियों को प्लैटफॉर्म स्तरों पर और अंतर्निहित वित्तीय दस्तावेज़ों में (जैसा उपयुक्त हो) लागू किया जाता है;
- GCF और AE के बीच सहमत AMA और FAA नीतियों का पालन करना; तथा
- GCF की आवश्यकताओं के अनुसार स्वतंत्र मध्यावधि एवं अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट को लागू करते समय कार्यक्रम के लक्षित नतीजा तथा परिणामों की तुलना में प्लैटफॉर्म के प्रदर्शन का आकलन करना।

4.2.2 एक निवेश प्रबंधक के रूप में **MAM** की भूमिका

MAM निवेश प्रबंधक है। . निवेश प्रबंधक की प्रमुख जिम्मेदारियों में निम्नलिखित बातें शामिल होंगी:

वित्तपोषण के प्रस्ताव में वर्णित संचालन-व्यवस्था के माध्यम से, निवेश प्रबंधक निम्न बातों के लिए जिम्मेदार होंगे:

- प्लैटफॉर्म स्थापित करने में सहायता करना और यह सुनिश्चित करना कि सभी आवश्यक लाइसेंस और अनुमोदन उपलब्ध हैं;

- प्लैटफॉर्म पर निवेश का प्रबंधन करना, जिसमें प्लैटफॉर्म के शेयरधारक के रूप में SG Co के लिए प्लैटफॉर्म के बोर्ड के प्रतिनिधियों को नामांकित करना (जहाँ उपयुक्त हो) शामिल है;
- प्लैटफॉर्म की स्थापना के बाद सभी उपयुक्त E&S नीतियों, प्रणालियों, प्रक्रियाओं तथा इससे संबंधित अभ्यास की मौजूदगी को सुनिश्चित करना;
- प्लैटफॉर्म के स्तर पर रणनीतिक को आगे बढ़ाने हेतु कार्यान्वयन की पहचान करना और उसमें सहायता करना, जिसमें विश्व स्तर पर MAM के अनुभव का लाभ उठाते हुए प्लैटफॉर्म को सहायता प्रदान करना शामिल है;
- पर्यावरण एवं सामाजिक मानकों सहित प्लैटफॉर्म के प्रदर्शन पर तिमाही और सालाना अपडेट प्रदान करना; तथा
- GCF की निवेश रणनीति से संबंधित सभी जोखिमों की पहचान, मापन, प्रबंधन एवं समुचित निगरानी के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को अच्छी तरह लागू करने हेतु सहायता प्रदान करना।

MAM की स्थायित्व टीम

MAM की ओर से प्लैटफॉर्म को रणनीतिक निगरानी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिसमें MAM के भीतर संसाधनों के साथ बोर्ड और प्रबंधन को सहायता देना शामिल है। इसमें विषय-वस्तु विशेषज्ञों तक पहुँच के साथ-साथ कामकाज और संचालन-व्यवस्था में विशेषज्ञता के संबंध में सहायता भी शामिल होगी, जैसे कि MAM के न्यूनतम स्थायित्व मानकों का कार्यान्वयन और इसकी विभिन्न नीतिगत संरचनाओं का लाभ उठाना (उदाहरणस्वरूप, ESG, मनी लॉन्ड्रिंग की रोकथाम, साइबर सुरक्षा), जो उद्योग जगत की सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के अनुरूप हैं।

MAM की स्थायित्व टीम पूरी दुनिया में सभी MAM टीमों को सहायता प्रदान करती है। और अंत में MAM के प्रमुख के माध्यम से रिपोर्टिंग की जाती है। प्रत्येक क्षेत्र में MAM की स्थायित्व टीम में कई अनुभवी विशेषज्ञ मौजूद हैं, जो MAM के भीतर और इसकी पोर्टफोलियो कंपनियों में ESG के अग्रिम और वर्तमान में जारी प्रबंधन कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं।

4.2.3 प्लैटफॉर्म

निवेश, कामकाज तथा संचालन व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में भाग लेने के लिए प्लैटफॉर्म के बोर्ड में MAM कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व होगा।

प्लैटफॉर्म का बोर्ड कंपनी के संचालन कार्यों की निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि उसके पास उपयुक्त E&S नीतियाँ, सिस्टम, प्रक्रियाएँ और सर्वोत्तम अभ्यास मौजूद हैं। बोर्ड का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होगा कि, प्लैटफॉर्म अपने जोखिम प्रबंधन की रूपरेखा स्वयं निर्धारित करता है तथा उनका रखरखाव करता है, जो E&S संबंधित मुद्दों के प्रबंधन में बेहद कारगर है तथा उद्योग जगत के साथ-साथ उस देश के प्रासंगिक नियमों एवं मानकों का पालन करता है, जिसमें यह कारोबार का संचालन करता है।

ESS विशेषज्ञ

प्लैटफॉर्म द्वारा एक ESS विशेषज्ञ को नियुक्त किया जाएगा, जिसके पास प्लैटफॉर्म स्तर पर E&S से संबंधित किसी भी समस्या की पहचान करने एवं उसे दूर करने, निवेश प्रक्रिया में एकीकरण और अंतर्निहित उप-परियोजनाओं की निगरानी करने के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार होगा। उनके द्वारा प्लैटफॉर्म के बोर्ड तथा निवेश प्रबंधक को E&S मामलों पर नियमित रूप से अपडेट भी प्रदान की जाएगी।

प्लैटफॉर्म के कर्मचारी

MAM तथा मैक्वेरी ग्रुप के सहयोग से प्लैटफॉर्म के प्रबंधन के लिए एक पेशेवर प्रबंधन टीम और संबद्ध कर्मचारियों की पहचान की जाएगी और उन्हें नियुक्त किया जाएगा। प्लैटफॉर्म के कर्मचारी फाइनेंसिंग के अवसरों की दैनिक जाँच एवं अवसरों के मूल्यांकन के साथ-साथ प्रदर्शन की निगरानी और अनुपालन में ESS विशेषज्ञों को सहायता प्रदान करेंगे।

4.2.4 फाइनेंसिंग करने वाले दूसरे पक्ष

इस ESMS में वर्णित गतिविधियों को लागू करना फाइनेंसिंग करने वाले दूसरे पक्ष की विशेष जिम्मेदारी नहीं होगी। हालाँकि, फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों को उप-परियोजनाओं में E&S के प्रबंधन में शामिल किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्लैटफॉर्म द्वारा समीक्षा की गई उनकी प्रासंगिक नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना, उप-परियोजनाओं में जोखिमों की पहचान करना, किसी विशेष E&S अध्ययन को पूरा करना तथा आवश्यक स्थिति में ESIA को पूरा करना, ESAP को विकसित करना तथा उसे लागू करना शामिल हैं। प्लैटफॉर्म द्वारा इन गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। जहाँ प्रासंगिक हो, प्लैटफॉर्म द्वारा पहचानी गई E&S गतिविधियों को फाइनेंसिंग से संबंधित दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा। फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों के लिए फाइनेंसिंग से संबंधित अपने दस्तावेजों में इन दायित्वों को पूरा करने की आवश्यकता होगी।

4.2.5 RASCI

ESMS को लागू करने में प्रत्येक इकाई/टीम की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को रेखांकित करने वाला RASCI मैट्रिक्स नीचे दिया गया है। ESMS के नीचे दिए गए खंड में इन गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया है।

एक मध्यस्थ के रूप में प्लैटफॉर्म की भूमिका को देखते हुए, इस RASCI में "जिम्मेदार" शब्द प्लैटफॉर्म पर और इस ESMS के दायरे में इसकी भूमिका (यानी, उप-परियोजनाओं की समुचित प्रक्रियाओं का पालन एवं निगरानी, कार्यान्वयन नहीं) से संबंधित है।

फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष उप-परियोजनाओं में E&S के कार्यान्वयन और प्रबंधन में शामिल होंगे, जिसमें उप-परियोजना विकास के हिस्से के रूप में विकसित प्लैटफॉर्म या ESAP द्वारा निर्धारित फाइनेंसिंग से संबंधित दस्तावेजों में उल्लिखित किसी भी आवश्यकता का अनुपालन करना शामिल है। प्लैटफॉर्म E&S प्रबंधन को लागू करने के संबंध में दूसरे पक्ष की क्षमता पर विचार करने के साथ-साथ इसकी निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा कि, GCF और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए फाइनेंसिंग से संबंधित दस्तावेजों में किन आवश्यकताओं को शामिल किया गया है, साथ ही दूसरे पक्षों द्वारा इन आवश्यकताओं को उचित रूप से लागू किए जाने की निगरानी के लिए भी जिम्मेदार होगा।

गतिविधियाँ	MAAML (AE)	MAM (निवेश प्रबंधक)	प्लैटफॉर्म का बोर्ड	ESS विशेषज्ञ	प्लैटफॉर्म के कर्मचारी	MAM की स्थायित्व टीम
संचालन व्यवस्था एवं रिपोर्टिंग						
ESMS की स्थापना और अपडेट करना	C	C	A	R	S	S
बाहरी रिपोर्टिंग और GCF को प्रकटीकरण	A	C	C	R	S	S
E&S प्रशिक्षण में सामंजस्य	I	I	R	R	S	S
शिकायत प्रणाली	I	I	A	R	C	C
प्रलेखन नियंत्रण	-	-	A	R	-	-
निवेश की प्रक्रिया और निगरानी में एकीकरण						
उप-परियोजना के लिए E&S जाँच प्रक्रिया	I	I	I	R	C	C
नई उप-परियोजना के लिए E&S संबंधी समुचित प्रक्रियायों की समीक्षा	I	I	I	R	S	S
हितधारकों की भागीदारी तथा प्रकटीकरण की समीक्षा	I	I	A	R	C	C
निवेश हेतु अनुमोदन/ फाइनेंसिंग संबंधी निर्णय	I	I	A	R	S	S
फाइनेंसिंग संबंधी निर्णय लेने के बाद E&S जोखिमों की निगरानी	C	C	A	R	S	S
उप-परियोजना की निगरानी ESAP (जहाँ लागू हो)	C	C	A	R	S	S
समय-समय पर E&S रिपोर्टिंग	I	I	A	R	C	C

ध्यान दें: जिम्मेदार (R); उत्तरदायी (A); सहायता (S); परामर्श (C); अवगत (I)

4.3 लागत एवं बजट

इस ESMS को लागू करने में सहायता हेतु आवश्यक वित्तीय संसाधन और बजट, नीचे संक्षेप में दिए गए सांकेतिक अनुमानों पर आधारित हैं।

लेन-देन से संबंधित विशेष लागतों (जैसे कि, पर्यावरणीय एवं सामाजिक मूल्यांकन, पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रबंधन योजना) इसका वहन फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष द्वारा किया जाएगा, जो अन्य प्रकार के लेन-देन से संबंधित लागतों (जैसे कि, कानूनी शुल्क आदि) के वहन के अनुरूप होगा। इसमें आवश्यक स्थितियों में समुचित प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा।

क्रम संख्या	मद की लागत	बजट (रुपए में)	बजट (USD में)
1	इस ESMS में वर्णित विभिन्न गतिविधियों पर खर्च किए गए समय सहित E&S विशेषज्ञ की नियुक्ति	50,00,000 प्रतिवर्ष	66,667 प्रतिवर्ष
2	प्लैटफॉर्म के कर्मचारियों तथा दूसरे पक्षों के लिए वार्षिक आधार पर (10 वर्षों के लिए) क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम	20,00,000 प्रतिवर्ष	27,000 प्रतिवर्ष
3	प्लैटफॉर्म तथा उप परियोजना के स्तर पर प्रतिवर्ष हितधारकों की भागीदारी, परामर्श, सर्वेक्षण, डेटा संग्रह और विश्लेषण।	30,00,000 प्रतिवर्ष	40,500 प्रतिवर्ष

5. प्लैटफॉर्म की पर्यावरण एवं स्थायित्व प्रबंधन प्रणाली

5.1 स्थापना

प्लैटफॉर्म की स्थापना के बाद, प्लैटफॉर्म अपनी पर्यावरण एवं सामाजिक प्रबंधन प्रणाली की स्थापना करेगा, जो उचित जोखिम प्रोफाइल तथा प्लैटफॉर्म के संचालन के साथ-साथ भारत के स्थानीय कानूनों एवं विनियमों के अनुरूप होगा। इसे समय के साथ काम-काज की सबसे बेहतर प्रक्रियाओं के अनुरूप अपडेट किया जाएगा। नीचे दिए गए खंडों में संचालन-प्रणाली की रूपरेखा तथा इसकी प्रक्रियाओं को प्रस्तुत किया गया है, जो प्लैटफॉर्म के ESMS तथा प्लैटफॉर्म की गतिविधियों को राह दिखाएंगे।

5.2 भाग A - संचालन-प्रणाली और रिपोर्टिंग

नीचे दिए गए खंडों में उन नीतियों और इसकी रूपरेखा को प्रस्तुत किया गया है, जिन्हें निवेश प्रबंधक या GCF आवश्यकता से संबंधित नीतियों के आधार पर प्लैटफॉर्म पर लागू किया जाएगा।

5.2.1 MAM की मौजूदा ESG नीति

MAM (निवेश प्रबंधक) की अपनी पर्यावरण, सामाजिक एवं संचालन-प्रणाली (ESG) नीति है, जो निवेश के लिए उचित कदम उठाने, निवेश संबंधी निर्णय लेने तथा वर्तमान में जारी परिसंपत्ति प्रबंधन में ESG मुद्दों की पहचान एवं उनके प्रबंधन के दृष्टिकोण को परिभाषित करती है। यह नीति MAM द्वारा संचालित सभी गतिविधियों, इसके प्रबंधन के तहत आने वाली निधियों और इसकी पोर्टफोलियो कंपनियों (जैसे कि यह प्लैटफॉर्म) से संबंधित कुछ गतिविधियों पर लागू होती है। मैक्वेरी की ESR नीति के आधार पर इस नीति को तैयार किया गया है, जिसका लिंक नीचे दिया गया है: https://www.macquarie.com/assets/macq/impact/esg/policies/esr-policy-summary_97_2003.pdf

MAM द्वारा किसी भी निवेश से पहले कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, समुदाय की भलाई, मानवाधिकार, जलवायु परिवर्तन, परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता, घूसखोरी, भ्रष्टाचार, साइबर सुरक्षा और डेटा की गोपनीयता से संबंधित ESG जोखिमों (लेकिन ये सिर्फ इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार किया जाता है।

इस नीति के तहत, प्लैटफॉर्म का अपना जोखिम प्रबंधन ढांचा होगा, जो इसके संदर्भ, जोखिम के प्रोफ़ाइल, संचालन एवं आपूर्ति श्रृंखला के लिए उपयुक्त होगा, तथा जिसकी निगरानी प्लैटफॉर्म के बोर्ड द्वारा की जाएगी और प्रबंधन द्वारा लागू किया जाएगा। इस नीति के बारे में नीचे संक्षेप में बताया गया है, जो जोखिम प्रबंधन, स्थायित्व, ESG या अन्य बातों से संबंधित MAM की ESG नीति, WHS नीति तथा MAM-स्तर की अन्य नीतियों में निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

5.2.2 जिम्मेदारी के साथ निवेश के सिद्धांत (PRI)

MAM ने वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र समर्थित PRI पर हस्ताक्षर किए हैं। एक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में प्लैटफॉर्म के लिए E&S से संबंधित उन सभी बातों का पालन करना आवश्यक होगा, जो इन सिद्धांतों का हिस्सा हैं। PRI पर हस्ताक्षर करने की वजह से, मैक्वेरी एसेट मैनेजमेंट (MAM) द्वारा जिम्मेदार निवेश गतिविधियों के संबंध में सालाना विवरण प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि निवेश पर निर्णय लेने और प्रबंधन की प्रक्रिया में ESG के महत्वपूर्ण मुद्दों को किस तरह एकीकृत किया जाता है।

5.2.3 उपकरण, प्रशिक्षण एवं क्षमता-निर्माण

प्लैटफॉर्म द्वारा एक ESS विशेषज्ञ को नियुक्त किया जाएगा। दूसरी जिम्मेदारियों की तरह, प्लैटफॉर्म से जुड़े अन्य कर्मचारियों के क्षमता निर्माण की जिम्मेदारी ESS विशेषज्ञ की होगी। ई-मोबिलिटी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के संबंध में MAM सस्टेनेबिलिटी टीम द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी, जैसा कि इस क्षेत्र में MAM के वर्तमान और भविष्य के अन्य निवेशों में लागू होता है।

अभी तक प्लैटफॉर्म की स्थापना नहीं हुई है, इसलिए भारत में ई-मोबिलिटी क्षेत्र या इसके दायरे में शामिल उप-क्षेत्रों के लिए निश्चित प्रक्रियाओं, दिशा-निर्देशों तथा उपकरणों को भी अभी तक स्थापित नहीं किया गया है। हालाँकि:

- इस प्लैटफॉर्म द्वारा मैक्वेरी ग्रुप के पर्यावरण एवं सामाजिक जोखिम मूल्यांकन उपकरण (ESR टूल) का उपयोग किया जाएगा। इस टूल को बाहरी सलाहकारों के साथ मिलकर बनाया गया था। यह प्रत्येक उप-परियोजना पर अच्छी तरह विचार करने के लिए सवालों की एक श्रृंखला प्रदान करता है। पर्यावरण एवं सामाजिक कसौटी के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम के प्रदर्शन मानकों पर आधारित है। उद्योग जगत की सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के अनुरूप, इस टूल को भी हमेशा अपडेट रखा जाता है।
- अनुभव और सर्वोत्तम अभ्यास के आधार पर नई उप-परियोजनाओं के विश्लेषण में सहायता के लिए, विशिष्ट क्षेत्रों में मार्गदर्शन (उदाहरण के लिए, इसमें समुचित प्रक्रियाओं की जांच-सूची शामिल है) को विकसित और अपडेट किया जाएगा।

प्लैटफॉर्म के कर्मचारियों को सुविधानुसार तरीके से नियमित तौर पर स्थायित्व प्रशिक्षण दिया जाए। प्रशिक्षण में निदेशकों के कर्तव्य, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रिश्वत एवं भ्रष्टाचार के विरोध, आचरण जोखिम तथा सूचना सुरक्षा जैसे विषयों पर अनिवार्य प्रशिक्षण

के साथ-साथ सामान्य प्रायोगिक प्रशिक्षण, दोनों शामिल होंगे ताकि कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सहायता और स्थायित्व से संबंधित खास विषयों के अनुरूप प्रशिक्षण मिल सके। ऐसे विषयों में ई-मोबिलिटी क्षेत्र में ESG के सिद्धांतों की उपयोगिता एवं अहमियत, मानकों के संबंध में न्यूनतम अपेक्षाएँ, GRESB आकलन का उपयोग, आधुनिक दासता, विनियामक विकास और इस क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर सर्वोत्तम अभ्यास शामिल हैं।

उप-परियोजना स्तर पर प्रशिक्षण

यह प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग की सुविधा देने वाले दूसरे पक्षों को प्रशिक्षण देने अथवा वर्कशॉप आयोजित करने के अवसरों की तलाश करेगा, ताकि ई-मोबिलिटी क्षेत्र में E&S से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा सके। इससे प्लैटफॉर्म के कर्मचारियों तथा उप-परियोजनाओं में शामिल दूसरे पक्षों की क्षमता निर्माण में मदद मिलेगी।

यह प्लैटफॉर्म किसी उप-परियोजना की समुचित प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में दूसरे पक्षों के लिए प्रशिक्षण की जरूरतों की समीक्षा भी करेगा (देखें परिशिष्ट 1 – दूसरे पक्ष और उप-परियोजना की समुचित प्रक्रियाएँ)। इसमें निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा (लेकिन ये केवल इन तक ही सीमित नहीं हैं):

- EHS के सामान्य पहलू
- ESIA की प्रक्रिया तथा रिपोर्ट के निष्कर्ष
- हितधारकों की भागीदारी और शिकायत निवारण;
- ESAP का कार्यान्वयन (जैसा लागू हो)
- पर्यावरण एवं सामाजिक संकेतक

5.2.4 हितधारकों की भागीदारी

GCF और MAM की नीतियों के अनुरूप हितधारकों की भागीदारी से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्लैटफॉर्म के दूसरे पक्ष सीधे तौर पर कॉर्पोरेट जगत से संबंधित होंगे, जिसे देखते हुए प्लैटफॉर्म के दृष्टिकोण के अनुरूप अधिकांश हितधारकों से विचार-विमर्श में दूसरे पक्ष को भी शामिल किया जाएगा, जिनमें OEMs, अन्य फाइनेंसर और राज्य सरकारें शामिल हैं। इस कार्यक्रम के लिए हितधारकों की भागीदारी से जुड़ी योजना को परिशिष्ट **5.** में शामिल किया गया है।

प्लैटफॉर्म द्वारा वाहनों का संचालन नहीं किया जाएगा, या सीधे तौर पर नए सार्वजनिक परिवहन मार्गों की योजना बनाने में शामिल नहीं होगा, जिसे देखते हुए वाहनों से लाभान्वित होने वाले व्यक्ति तीसरे पक्ष के माध्यम हितधारकों से परामर्श करेंगे, जो संभवतः फाइनेंसिंग से संबंधित लेन-देन से पहले (उदाहरण के लिए, निविदा के हिस्से के रूप में, जिसे राज्य सरकार द्वारा पहले से ही डिजाइन किया जा सकता है) पूरा किया जाएगा।

परियोजना की पर्यावरण एवं सामाजिक जोखिम श्रेणी के अनुरूप हितधारकों की भागीदारी से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि सी-श्रेणी (सी- कैटेगरी) की ज्यादातर परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर हितधारकों की भागीदारी संबंधी गतिविधियों की आवश्यकता होगी। हालाँकि, इस आवश्यकता का मूल्यांकन अलग-अलग परियोजना के आधार पर किया जाएगा। किसी भी उप-परियोजना के लिए, फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों द्वारा हितधारकों की भागीदारी हेतु तैयार की गई योजना की समीक्षा प्लैटफॉर्म द्वारा की जाएगी।

अगर किसी उप-परियोजना के लिए हितधारक के परामर्श की आवश्यकता है (उदाहरण के लिए, किसी साइट की विशेष जरूरतों को देखते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को चार्ज करने के लिए), तो MAM पहले से निर्धारित अपनी समुचित प्रक्रिया के तहत दूसरे पक्षों द्वारा पूरे किए गए हितधारक परामर्श की समीक्षा करेगा। इसमें निम्नलिखित बातें शामिल होंगी:

- उप-परियोजनाओं के लिए हितधारकों एवं मुद्दों को परिभाषित करना, जिसमें महिलाएँ और कमजोर तबके के लोग शामिल हैं।
- बड़े पैमाने पर प्रतिभागियों को भागीदारी के लिए प्रदान किए गए विभिन्न अवसरों तथा प्रभावों को संक्षेप में प्रस्तुत करना। उपयुक्त स्थानों पर और सुलभ प्रारूप में विभिन्न भाषाओं को शामिल करने के लिए संचार।
- परामर्श से संबंधित आँकड़े दर्ज करना, जिसमें लैंगिक आधार पर अलग-अलग आँकड़े शामिल हैं।
- उप-परियोजनाओं के संबंध में उठाए गए मुद्दों की निगरानी करना और आगे की कार्रवाई के लिए योजना बनाना।

अगर किसी उप-परियोजना के संदर्भ में किसी साइट के लिए विशेष रूप से हितधारक के परामर्श की आवश्यकता नहीं है, तो MAM फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों द्वारा हितधारकों की भागीदारी से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा करेगा। उदाहरण के लिए, संबंधित बस ऑपरेटर की सामुदायिक भागीदारी।

अलग-अलग परियोजना हेतु SEP की तैयारी का मार्गदर्शन करने के लिए हितधारकों की भागीदारी की रूपरेखा को परिशिष्ट **4.**में प्रस्तुत किया गया है।

5.2.5 शिकायत प्रणाली

प्लैटफॉर्म स्थापित हो जाने के बाद, गतिविधि स्तरीय शिकायत प्रणाली (GM) की स्थापना की जाएगी। इस तक पहुँचने के साधनों को GCF और AE की वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा। GM के विशिष्ट उद्देश्य निम्नानुसार होंगे:

- विभिन्न हितधारकों के विशिष्ट प्रोफाइल तथा सामाजिक-आर्थिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए उनसे शिकायतें प्राप्त करने, उन्हें दर्ज करने तथा उनका समाधान निकालने की प्रक्रिया निर्धारित करना;
- टिप्पणियों, प्रतिक्रियाओं और शिकायतों से निपटने की रूपरेखा तैयार करना एवं उनका प्रबंधन करना, और इस प्रणाली को कारगर बनाने के लिए निगरानी की अनुमति देना; तथा
- यह सुनिश्चित करना कि टिप्पणियों, प्रतिक्रियाओं और शिकायतों का समाधान उचित और पारदर्शी तरीके से किया जाता है, जो परियोजनाओं की आंतरिक नीतियों, और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम अभ्यास के अनुरूप है।
- SEAH से संबंधित शिकायतों का समाधान, समस्या का सामना करने वाले पर केंद्रित तथा लैंगिक रूप से उत्तरदायी तरीके से किया जाता है।

GM के तहत भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों, रिपोर्टिंग चैनलों, शिकायतों को दूर करने के लिए समय-सीमा और शिकायतों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तय की जाएगी। GM को लागू किए जाने की सूचना प्लैटफॉर्म के बोर्ड को दी जाएगी। शिकायत रजिस्टर के रूप में रिकॉर्ड का रखरखाव किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक शिकायत को दूर करने के तरीके का विवरण दर्ज होगा।

यह शिकायत निवारण प्रणाली मान्यता प्राप्त संस्था और **GCF** के माध्यम से भी उपलब्ध है**:**

मान्यता प्राप्त संस्था	मैक्वेरी इंटीग्रिटी ऑफिस https://www.macquarie.com/au/en/disclosures/whistleblower-policy.htmlintegrityoffice@macquarie.com
हरित पर्यावरण निधि	शिकायत दर्ज करें | स्वतंत्र निवारण प्रणाली | हरित पर्यावरण निधि

यह प्लैटफॉर्म आवश्यक स्थितियों में उप-परियोजनाओं के लिए स्थापित शिकायत प्रणाली की समीक्षा करेगा, जो उप-परियोजना की समुचित प्रक्रियाओं का हिस्सा होगा तथा ऊपर बताए गए सिद्धांतों के अनुरूप होगा। (देखें परिशिष्ट **2** - दूसरे पक्ष और उप-परियोजना की समुचित प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्नावली)। इस प्रकार के विवरणों को दूसरे पक्षों द्वारा प्लैटफॉर्म पर अपनी रिपोर्टिंग प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

5.2.6 **E&S** प्रकटीकरण

यह प्लैटफॉर्म GCF सूचना प्रकटीकरण नीति तथा पर्यावरण एवं सामाजिक नीति का पालन करेगा, जिसके अनुसार: बी-श्रेणी (बी-कैटेगरी) की उप-परियोजनाओं के मामले में, ESIA और ESAP का प्रकटीकरण अनुमोदन प्राधिकारी के निर्णय से कम-से-कम 30 दिन पहले किया जाएगा। सभी उप-परियोजनाओं के लिए भी इसी नीति का पालन किया जाएगा। सुरक्षा से संबंधित रिपोर्ट अंग्रेज़ी के साथ-साथ उस स्थानीय भाषा में उपलब्ध होगी, जहाँ उप-परियोजना स्थित है। रिपोर्ट GCF को प्रस्तुत की जाएगी तथा इलेक्ट्रॉनिक लिंक के माध्यम से GCF को AE एवं GCF की वेबसाइट के साथ-साथ

प्रभावित लोगों के लिए सुविधाजनक स्थानों पर उपलब्ध कराई जाएगी, जो GCF सूचना प्रकटीकरण नीति तथा GCF पर्यावरण एवं सामाजिक नीति (सूचना प्रकटीकरण) की धारा 7.1 की आवश्यकताओं के अनुरूप होगी।

5.3 भाग B - निवेश प्रक्रिया में शामिल करना और इसकी निगरान

प्लैटफॉर्म द्वारा किसी भी लेन-देन / उप-परियोजना को अमल में लाने से पहले इसका विस्तृत आकलन किया जाएगा, जिसमें सुव्यवस्थित तरीके से जाँच तथा अनुमोदन की प्रक्रिया शामिल होगी।

E&S से संबंधित सिद्धांतों को प्लैटफॉर्म की निवेश रणनीति के आंतरिक हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा तथा निवेश प्रक्रिया के सभी चरणों में इन पर विचार किया जाएगा। इसके तहत E&S से जुड़े जोखिमों और उसके प्रभावों पर विचार किया जाएगा, जो ई-मोबिलिटी क्षेत्र (जैसे कि सामग्री या आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित कारक) या अलग-अलग तरह के लेन-देन (लीजिंग के लिए दूसरे पक्ष तथा खरीद की जोखिम में वृद्धि) में अधिक प्रचलित हैं।

इस तरीके से E&S से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों और दूसरे पक्ष के दीर्घकालिक मूल्य को प्रभावित करने वाले अवसरों के साथ-साथ लेन-देन से संबंधित किसी भी E&S प्रभाव की शीघ्र पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इसके परिणामस्वरूप, यह प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया में वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों कारकों को शामिल करने पर विशेष ध्यान देगा, ताकि ऋण प्राप्तकर्ता या पट्टेदार के बेहतर दीर्घकालिक प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जा सके और इस तरह उसकी ऋण चुकाने की क्षमता भी बेहतर हो।

यह प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग के संभावित अवसरों का आकलन करने तथा वर्तमान में जारी परिसंपत्ति प्रबंधन में E&S से जुड़े जोखिमों एवं अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार करेगा, जिसमें नीचे दी गई तालिका में वर्णित उदाहरण भी शामिल हैं। E&S से संबंधित तरीकों को उनकी अहमियत के आधार पर संचालित किया जाएगा। यह प्लैटफॉर्म उन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो मौजूदा अवसर और इसके हितधारकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण और अर्थपूर्ण हैं। सबसे पहले जाँच प्रक्रिया के दौरान अहमियत की पहचान की जाएगी।

पर्यावरणीय	सामाजिक	संचालन-व्यवस्था
• जलवायु परिवर्तन का जोखिम और कमजोरियाँ • ग्रीन-हाउस गैसों का उत्सर्जन • सामग्रियाँ और पुनर्चक्रण • पानी का उपयोग • जैव-विविधता पर प्रभाव • भूमि का उपयोग	• स्वास्थ्य और सुरक्षा • श्रम अभ्यास • समुदाय की भागीदारी • मानवाधिकार / दासता विरोधी • सांस्कृतिक धरोहर • गोपनीयता एवं डेटा की सुरक्षा • लैंगिकता और कमजोर लोगों से जुड़े मुद्दे	• हितों का टकराव • घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार विरोधी • धोखाधड़ी की रोकथाम • साइबर सुरक्षा • अधिप्राप्ति की प्रक्रिया

फाइनेंसिंग से संबंधित किसी भी निर्णय के लिए इस प्लैटफॉर्म में निम्नलिखित मुख्य गतिविधियों को शामिल किया जाएगा:

1. जाँच-परीक्षण
2. समुचित प्रक्रियाएँ
3. फाइनेंसिंग से संबंधित फैसले (इसमें उप-परियोजना के लिए E&S जोखिम, इसे कम करने, इसका वर्गीकरण और कार्रवाई की समीक्षा एवं अनुमोदन शामिल है)
4. निगरानी तथा
5. रिपोर्टिंग

नीचे दिए गए रेखा-चित्र में इस बात को उजागर किया गया है कि, निवेश संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में ESG को कैसे एकीकृत किया जाता है:

जाँच-परीक्षण

किसी भी सकारात्मक या नकारात्मक विशेषताओं को उजागर करना

- समुचित सावधानी के लिए प्रमुख ESG जोखिमों की पहचान

निवेश संबंधी निर्णय

स्वीकृति के बारे में निर्णय के लिए ESG विचारों को अंतिम निवेश पत्र में वर्गीकृत किया गया है।



इस प्रक्रिया की शुरुआत अवसर की प्रारंभिक पहचान एवं मूल्यांकन, निवेश से संबंधित शोध रचनाओं एवं व्यावसायिक मामले की समीक्षा, समुचित सावधानी तथा निवेश अनुमोदन के साथ होगी।

फाइनेंसिंग के बाद, प्लैटफॉर्म में नियमित तौर पर एवं लगातार निगरानी की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिन पर दूसरे पक्षों के साथ चर्चा की जाएगी और सहमति ली जाएगी, साथ ही नियमित रूप से सूचना दी जाएगी।

साथ ही, रिपोर्टिंग के संबंध में प्लैटफॉर्म की अपनी आवश्यकताएँ होंगी, जो इसके पोर्टफोलियो से जुड़े निवेशों के सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव तथा स्थायित्व के प्रदर्शन से संबंधित होगी। यह प्लैटफॉर्म पर पारदर्शी तरीके से रिपोर्ट करेगा तथा निवेश प्रबंधकों की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा, जो अपने निवेशकों को उच्च स्तर का स्थायित्व प्रदान करने तथा अपने सभी पोर्टफोलियो में ESG मामलों और उन समुदायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें इस कारोबार का संचालन होता है।

5.3.1 जाँच-परीक्षण (चरण 1) और अपवर्जन

प्रत्येक संभावित उप-परियोजना प्रारंभिक E&S जोखिम जाँच-परीक्षण के अधीन होगी, जिसे प्लैटफॉर्म द्वारा पूरा किया जाएगा। नए निवेशों के लिए, प्लैटफॉर्म द्वारा सबसे पहले अपवर्जन सूची के आधार पर नई उप-परियोजनाओं की जाँच सुनिश्चित की जाएगी, जिसे परिशिष्ट **1**में प्रस्तुत किया गया है, ताकि पर्यावरण या सामाजिक रूप से संवेदनशील गतिविधियों की जल्द पहचान की जा सके जिनसे हितधारकों या हमारी साख पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

जाँच-परीक्षण के इस चरण में, नई उप-परियोजनाओं में "खतरे के संकेत" की जाँच की जाएगी, जिसमें E&S जोखिम के साथ-साथ हितधारकों या साख पर पढ़ने वाले नकारात्मक प्रभाव से संबंधित समाचार शामिल हैं। फाइनेंसिंग से संबंधित प्रत्येक गतिविधि के लिए घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार विरोधी मूल्यांकन भी किया जाएगा तथा लेन-देन में हितों के टकराव की जाँच की जाएगी। इस चरण के दौरान खतरे के संकेत के उदाहरणों में शामिल हैं:

- संवेदनशील क्षेत्रों या गतिविधियों से संबंधित जोखिम (परिशिष्ट **1** देखें)
- मानवाधिकारों के उल्लंघन के विश्वसनीय आरोप अथवा पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण विवाद
- राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यावरण या सामाजिक कानूनों अथवा समझौतों का उल्लंघन।

प्लैटफॉर्म द्वारा पिछले खंड में बताए गए ESR टूल की मदद से फाइनेंसिंग के अवसरों की और अधिक जाँच की जाएगी। समुचित प्रक्रियाओं के दायरे को आकार देने तथा फाइनेंसिंग के अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण E&S जोखिमों और जानकारी के अभाव का पता लगाने के लिए ESR टूल के परिणामों का उपयोग किया जाएगा। ESR टूल के परिणाम आगे की समीक्षा, निर्णय लेने तथा फाइनेंसिंग के ऐसे अवसरों के लिए अनुमोदन की आवश्यकता को भी गति प्रदान कर सकते हैं, जिनमें उच्च पर्यावरणीय और सामाजिक जोखिम की संभावना है।

ESR टूलकिट द्वारा संबोधित किए गए E&S मामलों में निम्नलिखित शामिल हैं: जो IFC PS के अनुरूप हैं। इनका मूल्यांकन फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष तथा वाहनों के अपेक्षित संचालन के संबंध में किया जाएगा, जहाँ लागू हो:

- विनियमों, परमिटों तथा लाइसेंसों का अनुपालन

- जलवायु परिवर्तन को कम करना तथा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन
- जलवायु परिवर्तन संबंधी भौतिक जोखिम एवं लचीलापन
- आधुनिक दासता सहित मानवाधिकार से जुड़े मुद्दे
- भूमि अधिग्रहण और इच्छा के बिना पुनर्वास
- जैव-विविधता और स्थायित्व प्रबंधन
- श्रमिक और काम-काज संबंधी परिस्थितियाँ
- संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग और प्रदूषण की रोकथाम
- श्रमिकों और समुदाय के लोगों की सेहत, सुरक्षा एवं हिफाज़त
- एक ही क्षेत्र का जन-समूह और कमजोर तबके के लोग
- सांस्कृतिक धरोहर के विचार

5.3.2 वर्गीकरण

प्रत्येक नई उप-परियोजना को नीचे दी गई परिभाषाओं के अनुसार अस्थायी तौर पर जोखिम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा:

श्रेणी	परिभाषा	उप-परियोजना का प्रकार/ प्रेरित करने वाले संभावित घटक	**E&S** सुरक्षा आवश्यकता
श्रेणी A	संभावित तौर पर महत्वपूर्ण प्रतिकूल पर्यावरणीय या सामाजिक जोखिमों वाली उप-परियोजनाएँ, और/या ऐसे प्रभाव जो विविध, अपरिवर्तनीय, या अभूतपूर्व हैं।	कोई भी उप-परियोजना जो पुनर्वास, जैव-विविधता, एक ही क्षेत्र के जन-समूह, संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर, व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के संदर्भ में संभावित तौर पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, तथा निम्नलिखित में से एक या अधिक को प्रेरित कर सकती है: • बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण/पहुँच पर प्रतिबंध, जिसमें शारीरिक और/या आर्थिक विस्थापन शामिल है; • किसी परियोजना हेतु भूमि की उपलब्धता/उपयोग के लिए लोगों को बलपूर्वक बेदखल करना शामिल है; • संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों/अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और मानकों के अनुसार संरक्षण-योग्य क्षेत्रों के अंदर स्थित है, सके परिणामस्वरूप जीवों के निवास स्थान के स्वरूप में बदलाव या गड़बड़ी / लुप्तप्राय प्रजातियों को नुकसान होता है; • बेहद महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर (अंतर्राष्ट्रीय मानकों में परिभाषित मूर्त/अमूर्त धरोहर) का स्थानांतरण / नुकसान; और • किसी क्षेत्र में निवास करने वाले जनसमूह का अपनी पैतृक जमीन से विस्थापन / या	श्रेणी-A परियोजनाओं को प्लैटफॉर्म द्वारा फाइनेंसिंग की सुविधा नहीं दी जाएगी।

श्रेणी	परिभाषा	उप-परियोजना का प्रकार/ प्रेरित करने वाले संभावित घटक	**E&S** सुरक्षा आवश्यकता
		ऐसी भूमि तक पहुँच या उपयोग पर प्रतिबंध जिसकी वजह से आजीविका या पारंपरिक रीति-रिवाजों का नुकसान होता है।	
वर्ग बी	संभावित तौर पर सीमित प्रतिकूल पर्यावरणीय या सामाजिक जोखिमों वाली उप-परियोजनाएँ और/या प्रभाव जिनकी संख्या बहुत कम है, जो सामान्य तौर पर कुछ विशेष साइट के लिए होते हैं, काफी हद तक परिवर्तनीय होते हैं, तथा न्यूनीकरण उपायों के माध्यम से इन्हें आसानी से हल किया जाता है।	उदाहरण: • पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों या जनजातीय क्षेत्रों के आस-पास स्थित हरित भूखंड पर चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, जहाँ जोखिम सीमित या कुछ विशेष साइट के लिए होते हैं तथा न्यूनीकरण उपायों के माध्यम से इन्हें आसानी से हल किया जा सकता है।	IFC PS की आवश्यकताओं और प्रेरित करने वाले घटकों के अनुसार जैव विविधता, पुनर्वास पर प्रभाव, एक ही क्षेत्र के जनसमूह या सांस्कृतिक धरोहर के संबंध में विशेष अध्ययन तथा प्रबंधन योजनाओं को बड़े पैमाने पर समुचित प्रक्रियाओं के निष्कर्षों के अनुसार दूसरे पक्ष द्वारा संचालित करना जरूरी हो सकता है। ये रिपोर्ट महत्वपूर्ण जोखिमों की पहचान करती हैं, लेकिन उसके साथ-साथ IFC PS आवश्यकताओं और उद्योग से संबंधित मानकों के अनुरूप दूसरे पक्ष द्वारा अलग-अलग परियोजना के लिए ESAP तथा अन्य प्रबंधन योजनाओं को विकसित करने की आवश्यकता होगी। यह ESIA (या अन्य प्रासंगिक अध्ययन) के परिणामों से प्रेरित होगा, जिसे फाइनेंसिंग करने वाले दूसरे पक्ष द्वारा ESAP के तौर पर औपचारिक रूप दिया जाएगा। सीमित प्रभावों वाली श्रेणी-बी (कैटेगरी-बी) की गतिविधियों हेतु उद्देश्य के लिए उपयुक्त ESIA और ESMP, जिस पर सीमित रूप से ध्यान दिया जाए, जो उपयुक्त हो सकता है, साथ ही जो संभावित प्रभावों के अलावा न्यूनीकरण, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए उपयुक्त उपायों का वर्णन करता है।
श्रेणी C	ऐसी उप-परियोजनाएँ, जिनमें पर्यावरणीय या सामाजिक जोखिम न्यूनतम या बिल्कुल नहीं है और/या किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।	उदाहरण: • मौजूदा पेट्रोल पंपों या पार्किंग स्थलों में लगाए गए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पॉइंट, जिसमें नई जमीन की खरीद शामिल नहीं है • इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद/ लीज पर लेना	समय-समय पर ऐसी उप-परियोजनाओं का मूल्यांकन किया जाएगा ताकि श्रेणी-सी का प्रारंभिक वर्गीकरण सटीक बना रहे। औपचारिक तौर पर ESIA या ESAP की कोई जरूरत नहीं होगी।

उप-परियोजनाओं के लिए ऊपर बताए गए वर्गीकरण को प्लैटफॉर्म द्वारा अस्थायी रूप से सौंपा जाएगा, और विस्तृत समुचित प्रक्रियाओं के बाद उप-परियोजना के अंतिम वर्गीकरण की पुष्टि की जाएगी।

जाँच के चरण में योग्य पाए जाने वाले निवेश के अवसरों के लिए, प्लैटफॉर्म की ओर से विस्तृत जाँच के लिए समुचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। समुचित प्रक्रिया में दूसरे पक्ष की क्षमता और योग्यता के साथ-साथ उप-परियोजना से संबंधित विशेष जोखिम और उसके प्रभाव को शामिल किया जाएगा।

5.3.3 विस्तृत समुचित प्रक्रिया (चरण 2)

समुचित प्रक्रिया के चरण में, प्लैटफॉर्म की ओर से दूसरे पक्ष के साथ-साथ नई उप-परियोजना की विस्तृत जाँच के लिए समुचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। E&S जोखिमों के साथ-साथ समुचित प्रक्रियाओं के चरण में कई महत्वपूर्ण कारकों की जाँच की जाएगी। समुचित प्रक्रियाओं के दायरे को अनुकूलित और संशोधित करने की आवश्यकता होगी, ताकि जाँच-परीक्षण प्रक्रिया के संभावित जोखिमों के आधार पर प्रत्येक उप-परियोजना के दायरे को उद्देश्य के लिए उपयुक्त और अनुरूप बनाया जा सके। ESR टूल के उपयोग के माध्यम से पहचाने गए सभी प्रमुख E&S जोखिम कारकों को समुचित प्रक्रिया के हिस्से के रूप में विशेष रूप से शामिल किया जाएगा।

दूसरे पक्षों और उप-परियोजनाओं की समुचित प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्नावली परिशिष्ट**2** में प्रदान की गई है। जब IFC प्रदर्शन मानकों के अंतर्गत प्रत्येक उप-परियोजना की समुचित प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो इसके बाद इसमें प्रमुख जोखिमों की पहचान, कौन जिम्मेदार है और किस प्रकार उन्हें प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, जैसी बातें शामिल की जा सकती हैं।

E&S से संबंधित कुछ मामलों के उदाहरण नीचे दिए गए हैं, जिनकी जाँच E&S की समुचित प्रक्रियाओं के दौरान की जाएगी:

- पर्यावरण और सामाजिक जोखिम प्रबंधन के संबंध में ग्राहक/ दूसरे पक्ष की क्षमता तथा उनके ट्रैक-रिकॉर्ड का मूल्यांकन करना
- फाइनेंसिंग के दस्तावेजों के माध्यम से प्लैटफॉर्म की आवश्यकताओं को लागू करने के संबंध में दूसरे पक्ष की क्षमता की समीक्षा करना, जिसमें आवश्यक स्थितियों में रिपोर्टिंग भी शामिल है
- हितधारकों की भागीदारी की समीक्षा करना, जहाँ लागू हो (खास तौर पर ऐसी साइटों में, जिनमें भूमि अधिग्रहण शामिल हो)
- विनियमों, परमिटों और लाइसेंसों के पुराने एवं मौजूदा नियमों का अनुपालन
- कंपनी से संबंधित मुकदमेबाजी के ऐतिहासिक और मौजूदा उदाहरण
- वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों प्रभावों को देखते हुए E&S से संबंधित महत्वपूर्ण जोखिम और देनदारियाँ
- E&S जोखिम प्रबंधन की मौजूदा संरचना का आकलन करना और उद्योग जगत के सर्वोत्तम अभ्यास के साथ इसका तालमेल बनाना
- इनसे संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा:
  - कंपनियों द्वारा पारंपरिक वाहनों को बदलना और उनका निपटान करना
  - खरीद और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित नीतियाँ और कार्यप्रणाली
  - रोजगार और श्रमिक संबंध
  - यौन शोषण. दुर्व्यवहार और उत्पीड़न
  - इलेक्ट्रॉनिक कचरे तथा खतरनाक कचरे सहित अन्य कचरे का निपटान
  - लैंगिक सुरक्षा के संबंध में कंपनी द्वारा लागू की गई करवाई या बनाई गई योजना
  - हितधारकों की भागीदारी तथा शिकायतों का निवारण
- महत्वपूर्ण E&S जोखिमों के समाधान हेतु आवश्यक न्यूनीकरण या प्रबंधन योजनाओं के पर्याप्त रूप से उपयोगी होने का आकलन करना
- GHG परिमाणीकरण तथा न्यूनीकरण के उपायों की क्षमता

जहाँ लागू हो, दूसरे पक्षों द्वारा आगे की समुचित प्रक्रियाओं को अमल में लाने के लिए योग्य बाहरी सलाहकारों की नियुक्ति की जाएगी।

ESIA / ESAP संबंधी आवश्यकताएँ

भारतीय विनियमों के अनुसार, ई-मोबिलिटी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य रूप से पर्यावरण एवं सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (ESIA) अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं है।

हालाँकि, अगर समुचित प्रक्रियाओं के दौरान परियोजना का वर्गीकरण श्रेणी-बी में किया जाता है, तो ESIA तथा एक अतिरिक्त E&S अध्ययन करना आवश्यक होगा और प्लैटफॉर्म दूसरे पक्ष की ओर से अपेक्षित रिपोर्टों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगा:

- इस तरह के अध्ययनों का दायरा संदर्भ और स्थान के अनुरूप अलग-अलग होगा, जो विस्तृत समुचित प्रक्रियाओं के सुझावों पर आधारित होगा।

- ESIA में पहचाने गए जोखिमों एवं प्रभावों पर आधारित पर्यावरण और सामाजिक कार्य-योजना (ESAP), जो IFC PS की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
- इस संदर्भ में अगर दूसरे पक्ष द्वारा ESIA और ESAP पहले ही तैयार किए जा चुके हैं, तो प्लैटफॉर्म द्वारा अपनी समुचित प्रक्रियाओं के तहत उनकी समीक्षा की जाएगी।
- ESAP में उस समय सीमा को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा, जिसके भीतर अनुशंसित करवाई को लागू करना आवश्यक है।
- ESAP के अंतर्गत ESAP में वर्णित कार्रवाई को पूरा करने के लिए एक अस्थायी बजटीय अनुमान भी प्रदान किया जाएगा।
- प्लैटफॉर्म द्वारा बाद में ESAP के मदों के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी।

सीमित प्रभावों वाली श्रेणी-बी (कैटेगरी-बी) की गतिविधियों हेतु उद्देश्य के लिए उपयुक्त ESIA और ESMP, जिस पर सीमित रूप से ध्यान दिया जाए, जो उपयुक्त हो सकता है, साथ ही जो संभावित प्रभावों के अलावा न्यूनीकरण, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए उपयुक्त उपायों का वर्णन करता है।

5.3.3.1 बैटरी के निपटान से संबंधित नियम

भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों सहित प्रत्येक उप-परियोजना के लिए बैटरी के निपटान से जुड़े जोखिम तथा योजनाओं की समीक्षा की जाएगी, तथा फाइनेंसिंग से संबंधित निर्णय लेने के लिए इन्हें E&S जोखिम एवं न्यूनीकरण के संक्षिप्त विवरण (नीचे देखें) में शामिल किया जाएगा। इसके मूल्यांकन हेतु प्लैटफॉर्म का दृष्टिकोण सिद्धांतों पर आधारित होगा तथा अपशिष्ट पदानुक्रम के माध्यम से EV बैटरियों के निपटान की कोशिश की जाएगी, जिसके तहत प्लैटफॉर्म और दूसरे पक्ष द्वारा बैटरी को पहली विधि के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया जाएगा, या ऐसा नहीं होने पर बाद के विकल्प की तलाश की जाएगी:

1. लंबा जीवन-काल**:** फाइनेंसिंग के जरिए वाहनों की खरीद करते समय, EV बैटरी के उपयोग में आने से संबंधित पूर्वानुमान को ध्यान में रखें, तथा व्यावसायिक रूप से जहाँ संभव हो सके अधिकतम जीवन-काल वाली बैटरी खरीदने का प्रयास करें।
2. खरीद-अंतिम परिणाम का मेल**:** EV बैटरी की खरीद के पहले दिन से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि प्लैटफॉर्म के माध्यम से खरीदी गई या फाइनेंसिंग कराई गई प्रत्येक EV बैटरी के उपयोगी जीवनकाल संबंधी पूर्वानुमान का निश्चित समय पर अंत होता है, तथा यह जीवन-काल के अंत के संबंध में पहले से तय रणनीति/अंतिम परिणाम है।
3. अन्य कार्यों हेतु उपयोग में लाना**:** सामान्य तौर पर जब EV बैटरियों की मौजूदा क्षमता उसकी मूल क्षमता से 80% तक घट जाती है, तब उसे बदल दिया जाता है। प्लैटफॉर्म पहले स्थानीय तौर पर बैटरियों को स्थिर ऊर्जा भंडारण जैसे अन्य कार्यों (जैसे कि सामुदायिक बैटरी फार्म, द्वितीयक बाजार में पुनः बिक्री) हेतु उपयोग में लाने की संभावनाओं एवं साझेदारियों की तलाश करेगा, ताकि उनके उपयोग के जीवन-काल को जीवन को और 10+ वर्षों तक बढ़ाया जा सके। बैटरियों को अन्य कार्यों हेतु सही तरीके से पुनः उपयोग में लाना सुनिश्चित करने के लिए, प्लैटफॉर्म निरीक्षण, आश्वासन एवं सुरक्षा के लिए उपयुक्त तरीकों का पालन करेगा।
4. पुनर्चक्रण**:** अगर बैटरियों को किसी अन्य कार्य हेतु उपयोग में लाना संभव नहीं है, तो प्लैटफॉर्म स्थानीय स्तर पर बैटरियों का पुनर्चक्रण करने वालों के साथ साझेदारी करेगा जो बैटरी के घटकों को निकालकर उन्हें कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला में वापस बेच देते हैं। सही तरीके से पुनर्चक्रण सुनिश्चित करने के लिए, प्लैटफॉर्म निरीक्षण, आश्वासन एवं सुरक्षा के लिए उपयुक्त तरीकों का पालन करेगा।
5. निर्यात**:** अगर स्थानीय तौर पर अन्य कार्यों हेतु उपयोग में लाने/पुनर्चक्रण का कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं है, तो प्लैटफॉर्म बैटरियों को किसी ऐसे देश या स्थान में निर्यात करने की कोशिश करेगा जहाँ अन्य कार्यों हेतु उपयोग/पुनर्चक्रण हो सकता है।
6. कचरा भराव क्षेत्र**:** जब कोई अन्य विकल्प संभव नहीं हो, तभी अंतिम उपाय के तौर पर बैटरियों के निपटान/ कचरा भराव क्षेत्र में फेंकने का सहारा लिया जाता है। प्लैटफॉर्म यह उम्मीद नहीं करता है कि बैटरियों को कचरा भराव क्षेत्र में फेंकने की आवश्यकता होगी।

5.3.4 फाइनेंसिंग संबंधी निर्णय हेतु **E&S** जोखिम एवं न्यूनीकरण का सारांश **(**सभी उप-परियोजनाओं के लिए**)**

समुचित प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, प्लैटफॉर्म सभी उप-परियोजनाओं हेतु निवेश के अनुमोदन के हिस्से के रूप में निष्कर्षों को संक्षेप में प्रस्तुत करेगा, जिसे आगे निर्धारित किया गया है:

- उप-परियोजना का ESS वर्गीकरण और उपयुक्तता का निर्धारण

- उप-परियोजना के अंतर्गत किन पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों की पहचान की गई है, इसकी रूपरेखा तैयार करना तथा और नीचे दी गई तालिका के अनुसार वर्गीकरण करना:

मुद्दे की प्राथमिकता	परिभाषा
खतरे का संकेत वाले मुद्दे	संभावित गंभीर परिणामों और न्यूनीकरण के सीमित अवसरों वाले बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे, जिसकी वजह से परिचालन कार्य तुरंत बंद हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान/भविष्य में प्रतिष्ठा को नुकसान होने की संभावनाएँ, या पर्यावरण और समाज के संवेदनशील लाभार्थियों पर बुरा प्रभाव, जिसमें प्रमुख हितधारकों के रूप में आसपास के समुदाय एवं ग्राहक शामिल हैं, अथवा; आपराधिक कार्यवाही की ओर ले जाने वाले मुद्दे।
अत्यधिक जोखिम वाले मुद्दे	IFC PS और विनियामक आवश्यकताओं का गंभीर रूप से अनुपालन नहीं करना, जिसके चलते परिचालन कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है; एक बड़ी लागत; विनियामक सूचना; और/या हितधारकों का विरोध, जिससे प्रतिष्ठा को नुकसान की संभावना हो सकती है।
मध्यम जोखिम वाले मुद्दे	IFC PS और विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करने के परिणामस्वरूप गैर-भौतिक सुधार लागत या जुर्माना हो सकता है, और वर्तमान में लागू नियमों के संदर्भ में कुछ समय के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होने की संभावना नहीं है।
कम जोखिम वाले मुद्दे	विनियामक या सुरक्षा संबंधी साधारण नियमों का अनुपालन नहीं करना, जिसकी सीमित कीमत चुकानी पड़ सकती है या फिर समस्या के समाधान के लिए केवल प्रबंधन के समय की आवश्यकता हो सकती है।

- समुचित प्रक्रियाओं (जैसे कि, पूर्ण हो चुके ESIA की समीक्षा) के दौरान या मौजूदा संचालन-व्यवस्थाओं में (जैसे कि अगर फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष के पास मजबूत नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ मौजूद हैं) पहचाने गए मौजूदा न्यूनीकरण सुविधाओं की रूपरेखा तैयार करना।
- जहाँ पर्यावरणीय और सामाजिक जोखिमों से बचाव संभव नहीं है उसकी रूपरेखा तैयार करना, और इसके परिणामस्वरूप:
  - जोखिम तथा इसके प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई,
  - गतिविधियों के कार्यान्वयन की समय-सीमा,
  - न्यूनीकरण तथा प्रबंधन से संबंधित युक्तियों को लागू करने के लिए दूसरे पक्ष के भीतर जिम्मेदारियाँ।

अधिकांश मामलों में, इन्हें फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष के साथ फाइनेंसिंग की कागजी कार्रवाई में शामिल किया जाएगा। संभावित गतिविधियों में अतिरिक्त रिपोर्टिंग को भी शामिल किया जा सकता है, प्लैटफॉर्म की ओर से महत्वपूर्ण E&S जोखिमों के अनुपालन की निगरानी या प्रतिनिधित्व करने का अनुरोध किया जाएगा, जो फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष के लिए आवश्यक होगा। प्रत्येक निवेश के हिस्से के रूप में आवश्यकताओं का निर्धारण किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यूनीकरण तथा प्रबंधन के संबंध में पहले से निर्धारित योजना दिए गए परिदृश्य की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

E&S विश्लेषण, परियोजना के वर्गीकरण, कार्रवाई में शामिल मदों, न्यूनीकरण के संभावित तरीकों तथा न्यूनीकरण की लागत के आधार पर, प्लैटफॉर्म किसी उप-परियोजना को आगे नहीं बढ़ाने का विकल्प चुन सकता है।


प्रारंभिक जाँच
वर्गीकरण
अनुमोदन
पहचान उप-परियोजना
E&S जाँच
उच्च जोखिम / श्रेणी-ए
नामंजूर करें / आगे नहीं बढ़ें
मध्यम या कम जोखिम/श्रेणी-बी या सी
E&S समुचित प्रक्रिया
उच्च जोखिम / श्रेणी-ए
नामंजूर करें / आगे नहीं बढ़ें
मध्यम या कम जोखिम/श्रेणी-बी या सी
E&S न्यूनीकरण या प्रबंधन योजना
निवेश संबंधी निर्णय
अनुमोदित
नामंजूर करें / आगे नहीं बढ़ें

5.3.5 निगरानी

कार्यान्वयन और रिपोर्टिंग से संबंधित सभी जिम्मेदारियों को दूसरे पक्ष तथा प्लैटफॉर्म के बीच स्पष्ट रूप से रेखांकित किया जाएगा और सहमति बनाई जाएगी। इसमें फाइनेंसिंग से संबंधित दस्तावेज़ तैयार करने में कार्यों का एकीकरण शामिल हो सकता है, जिसमें विशिष्ट कार्रवाइयाँ, प्लैटफॉर्म द्वारा समीक्षा की गई किसी भी प्रासंगिक नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट करने की आवश्यकता या ESAP (जहाँ लागू हो) के खिलाफ रिपोर्टिंग शामिल हो सकती है।

वार्षिक समीक्षा आकलन और E&S रुझानों के साथ-साथ पूरे पोर्टफोलियो और व्यापक बाजार में देखी गई समस्याओं के माध्यम से प्लैटफॉर्म की निगरानी प्रक्रिया में E&S संबंधित कारकों और प्रदर्शन पर विचार किया जाएगा। यह प्लैटफॉर्म फाइनेंसिंग के साधन के पूरे जीवन-काल में दूसरे पक्ष की प्रबंधन टीम के साथ बातचीत को लगातार बरकरार रखेगा तथा अन्य क्रेडिट मदों के साथ-साथ E&S रुझानों और घटनाओं के लिए दूसरे पक्ष और बाजार की सक्रियतापूर्वक निगरानी करेगा।

निगरानी की मौजूदा प्रक्रिया अलग-अलग उप-परियोजनाओं तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसके दायरे का विस्तार उप-उद्योग के रुझानों और पूरे बाजार में मुद्दों के प्रभाव तक किया जाएगा।

जहाँ प्रासंगिक हो, प्लैटफॉर्म किसी भी नए या उभरते हुए ऐसी जोखिम की संभावनाओं का मूल्यांकन करने के लिए पोर्टफोलियो का गहन विश्लेषण करेगा, जो फाइनेंसिंग की प्रारंभिक तिथि में अस्तित्व में नहीं था। अगर किसी महत्वपूर्ण E&S जोखिम (यदि कोई हो) की पहचान की जाती है, तो इस मुद्दों को प्लैटफॉर्म के बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

6. लागू होने वाले संदर्भ की रूपरेखा

भारत में ई-मोबिलिटी क्षेत्र से संबंधित विशिष्ट मानक सीमित हैं, हालाँकि इस क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है जिसे देखते हुए प्लैटफॉर्म सर्वोत्तम कार्यप्रणाली से तालमेल बनाने का प्रयास करेगा। भारतीय राष्ट्रीय मानकों, GCF मानकों और IFC प्रदर्शन सहित एक E&S संदर्भ की विस्तृत रूपरेखा नीचे प्रस्तुत की गई है, जो प्लैटफॉर्म पर लागू होंगे। नियमों के विकसित होते ही इन्हें समय के साथ अपडेट किया जाएगा।

प्लैटफॉर्म **GCF,** राष्ट्रीय या **MAM** नीतियों **(**इन्हें अंतर्राष्ट्रीय कार्यप्रणाली के अनुरूप बनाया गया है**)** के बीच जो भी उच्चतम मानक है**,** उसे लागू करेगा।

जहाँ प्रासंगिक हो, फाइनेंसिंग संबंधी निर्णय के लिए राष्ट्रीय मानकों और GCF या MAM नीतियों के बीच विसंगतियों को E&S जोखिम एवं न्यूनीकरण सारांश में उजागर किया जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि उच्चतम मानक कैसे प्राप्त किया गया है। इसे फाइनेंसिंग संबंधी कागजी कार्रवाई में एक विशिष्ट खंड को शामिल करके, फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष के अनुरोध पर रिपोर्टिंग करके, दूसरे पक्ष से समुचित प्रक्रियाओं के उच्च स्तर की रिपोर्टिंग के अनुरोध पर, फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष द्वारा तैयार ESAP में शामिल करके (केवल श्रेणी-बी की परियोजनाओं के लिए) या अन्य तरीकों से पूरा किया जा सकता है।

6.1 लागू होने वाले राष्ट्रीय कानून एवं विनियम

विषय-वस्तु	प्रमुख कानून **(**उप-परियोजनाओं के लिए इनकी उपयुक्तता अलग-अलग हो सकती है**)**
पर्यावरणीय संरक्षण	• पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986; • पर्यावरण संरक्षण (तृतीय) संशोधन नियम, 2002, बाद के संशोधनों सहित; • वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, 1987 में संशोधित; तथा वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) नियम 1982; • ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण नियम) 2000; • जल (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (धारा 25) (इसके बाद जल अधिनियम, 1974 कहा गया है); • भारत में भूजल निकासी को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिए अधिसूचित दिशा-निर्देश, दिनांक 12 दिसंबर 2018, 01 जून 2019 से प्रभावी; • हानिकारक एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और पारगमन) नियम 2016; • ओजोन क्षयकारी पदार्थ (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000; • पॉलीक्लोराइनेटेड बाइफिनाइल्स (PCB) विनियमन आदेश, 2016; • वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980; • वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972; • राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभ्यारण्यों के आसपास पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों की घोषणा के लिए दिशा-निर्देश, 2011; • तटीय विनियमन क्षेत्र (CRZ) अधिसूचना, 2019;
भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास	• भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार स्थानांतरगमन एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 (RFCT LARR अधिनियम 2013) • विभिन्न राज्य सरकारों (केरल, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, राजस्थान, गोवा, ओडिशा, बिहार, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश) द्वारा सहमति के आधार पर भूमि अधिग्रहण के लिए दिशा-निर्देश/नीतियाँ/नियम/कानून • विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की भू-राजस्व संहिताएँ
श्रमिक और काम-काज संबंधी परिस्थितियाँ	• कारखाना अधिनियम : 1948 तथा राज्य कारखाना नियम (औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य आवश्यकता निदेशक) • केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 तथा संशोधन; • बाल एवं किशोरावस्था श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986, 2017 में संशोधित;

विषय-वस्तु	प्रमुख कानून (उप-परियोजनाओं के लिए इनकी उपयुक्तता अलग-अलग हो सकती है)
	• बंधुआ मजदूरी (उन्मूलन) अधिनियम 1976; • संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) 1970; • भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 • समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976; • मातृत्व लाभ अधिनियम, 2017; • न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948; • वेतन भुगतान अधिनियम, 1936; • कामगार मुआवजा अधिनियम, 1923; • कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम और निवारण) अधिनियम, 2013 • बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 और नियम 1975, तथा बाद के संशोधन; • अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्तें) अधिनियम, 1979 • उपदान संदाय अधिनियम, 1972 • कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम,1952 • कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 • औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 • कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध (संशोधन) अधिनियम, 1996 • अलग-अलग राज्यों के दुकान एवं स्थापना नियम
सहभागिता एवं समावेशन, सांस्कृतिक धरोहर तथा अन्य बातों के संबंध में सामाजिक सुरक्षा उपाय	• पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996; • वन अधिकार अधिनियम, 2006; • अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम), 1989; • प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, 2010 में संशोधित;

6.2 GCF मानक

GCF की सभी प्रासंगिक नीतियों को प्लैटफॉर्म और उप-परियोजनाओं पर लागू किया जाएगा। GCF E&S नीति के संबंध में नीचे दी गई प्रमुख आवश्यकताओं को प्लैटफॉर्म के संचालन और उप-परियोजनाओं के लिए लागू माना जाता है, तथा फाइनेंसिंग के लिए इन पर विचार किया जाएगा:

मानक	प्लैटफॉर्म द्वारा कार्यान्वयन
मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा गतिविधियों से जुड़े पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों और प्रभावों का आकलन करने के साथ-साथ बाद में इनका प्रभावी तरीके से एवं समान रूप से प्रबंधन करने के लिए एक कारगर **पर्यावरणीय और सामाजिक प्रबंधन प्रणाली** की स्थापना की जाएगी।	इनको इस दस्तावेज़ में रेखांकित किया गया है। इस ESMS में उल्लिखित संरचना के अनुरूप एक बार स्थापित होने के बाद प्लैटफॉर्म को एक ESMS स्थापित करना होगा।
यह सुनिश्चित करता है कि GCF फाइनेंसिंग के लिए प्रस्तावित गतिविधियों की अच्छी तरह **जाँच की जाती है, उन्हें उपयुक्त पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिम की श्रेणियों में निर्दिष्ट किया जाता है** तथा पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों और उनके प्रभावों का उचित और पर्याप्त रूप से आकलन किया जाता है;	प्लैटफॉर्म द्वारा उपयुक्त ESS श्रेणी निर्दिष्ट करने के लिए IFC प्रदर्शन मानकों के अनुरूप MAM के ESR टूलकिट का उपयोग किया जाएगा। इस विश्लेषण में MAM के समर्पित E&S विशेषज्ञों द्वारा सहायता दी जाएगी।
ऋण प्राप्तकर्ताओं, अनुदानकर्ताओं और निवेशकर्ताओं के पास पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों और इसके प्रभावों के प्रबंधन के लिए समुचित प्रबंधन प्रणाली, प्रक्रियाएँ तथा क्षमता के लिए मान्यता प्राप्त संस्थाओं की आवश्यकता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अलग-अलग उप-	MAM एक निवेश प्रबंधक के रूप में प्लैटफॉर्म बोर्ड की निगरानी के माध्यम से E&S जोखिमों और प्रभावों के प्रबंधन के साथ-साथ प्लैटफॉर्म प्रबंधन एवं कर्मचारियों को दैनिक गतिविधियों में सहयोग के माध्यम से इस प्लैटफॉर्म को सहायता प्रदान करेगा। MAM के पास

परियोजनाओं और सौंपी गई गतिविधियों की अच्छी तरह जाँच की जाती है, मूल्यांकन किया जाता है, एक उपयुक्त जोखिम श्रेणी निर्दिष्ट की जाती है, जो समुचित प्रक्रियाओं तथा निरीक्षण के अधीन है, साथ ही कार्यान्वयन और परिणामों की निगरानी की जाती है एवं उनकी रिपोर्टिंग की जाती है।	शानदार अनुभव है और इस तरह की पोर्टफोलियो कंपनियों की सहायता के लिए एक समर्पित टीम है, जिसके अंतर्गत समय के साथ जोखिमों की पहचान करने, उन्हें कम करने और उनकी निगरानी करने के साथ-साथ E&S से संबंधित सर्वोत्तम अभ्यास को लागू करने के लिए प्लैटफॉर्म की मौजूदगी शामिल है।
GCF सूचना प्रकटीकरण नीति के अनुसार, GCF द्वारा फाइनेंस की गई गतिविधियों और घटक उप-परियोजनाओं पर जानकारी का प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाता है।	GCF सूचना प्रकटीकरण नीति के अनुरूप ही इस तरह के आवश्यक प्रकटीकरण किए जाएंगे।
हितधारकों की निरंतर भागीदारी के साथ-साथ इकाई स्तरीय और गतिविधि स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र का विकास एवं कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाता है।	प्लैटफॉर्म की स्थापना हो जाने के बाद गतिविधि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम में संबंधित दूसरे पक्षों के साथ हितधारकों की भागीदारी निरंतर जारी रहेगी, जैसा कि हितधारक भागीदारी योजना में वर्णित है।
सीमा-पार जोखिम और प्रभावों सहित पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों के आकलन हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि GCF द्वारा फाइनेंसिंग के लिए प्रस्तावित गतिविधियाँ GCF नीति के ESS मानकों के अनुरूप उनके पर्यावरणीय एवं सामाजिक सुरक्षा उपायों को पूरा करती हैं।	प्लैटफॉर्म को E&S प्रबंधन का दायित्व सौंप दिया जाएगा तथा कार्यकारी संस्थाओं और मान्यता प्राप्त इकाइयों को इसकी रिपोर्टिंग की जाएगी। प्लैटफॉर्म की ओर से किए गए सभी निवेशों की अग्रिम जाँच, समुचित प्रक्रियाओं तथा मौजूदा निगरानी के हिस्से के रूप में E&S जोखिमों और प्रभावों का मूल्यांकन प्लैटफॉर्म द्वारा किया जाएगा। श्रेणी-बी परियोजनाओं के लिए आवश्यकताओं के अनुरूप एक ESAP स्थापित किया जाएगा।
यह सुनिश्चित करता है कि ESAPs तथा पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों और उनके प्रभावों को कम करने और उनका प्रबंधन करने एवं परिणामों को बेहतर बनाने के सभी उपायों का कार्यान्वयन, निगरानी और निरंतर सुधार किया जाता है।	
यह सुनिश्चित किया जाता है कि, निगरानी एवं जवाबदेही की संरचना के अनुरूप GCF द्वारा फाइनेंस की गई गतिविधियों के कार्यान्वयन के दौरान प्रगति और प्रदर्शन की निगरानी की जाती है, साथ ही GCF और उसके हितधारकों को सूचित किया जाता है, और ऐसी रिपोर्ट के GCF या GCF द्वारा अधिकृत किसी तीसरे पक्ष से सत्यापन की अनुमति दी जाती है।	E&S से संबंधित मुद्दों, जोखिम, निगरानी गतिविधियों और क्षेत्र-व्यापी विषयों पर प्लैटफॉर्म द्वारा नियमित तौर पर रिपोर्ट करना आवश्यक होगा। कार्यक्रम के लिए वित्त-पोषित गतिविधि समझौते के तहत निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप, यह AE और अंततः GCF को प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक उप-परियोजना के लिए फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों से भी रिपोर्टिंग की उम्मीद की जाती है।
सभी लागू कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएँ, जिसके अंतर्गत जिस देश में इन गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है वहाँ के कानून, विनियम और मानक और/या देश या देशों के दायित्व के साथ-साथ गतिविधियों पर सीधे लागू होने वाले प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ एवं समझौतों भी शामिल हैं।	इस दस्तावेज़ में संबंधित ESS मानकों की पहचान की गई है। प्लैटफॉर्म और कार्यक्रम द्वारा उन सभी नियमों या कानूनों में किसी भी बदलाव की निगरानी की जाएगी, जो अनुपालन बनाए रखने के लिए प्लैटफॉर्म द्वारा फाइनेंस की गई गतिविधियों पर लागू हो सकते हैं।
यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएँगे कि गतिविधियों से प्रभावित या संभावित रूप से प्रभावित समुदायों (इसमें कमजोर और वंचित तबके के समूह एवं लोग शामिल हैं) से अच्छी तरह विचार-विमर्श किया जाता है, जो गतिविधियों को तैयार करने में स्थानीय ज्ञान को शामिल करने की सुविधा प्रदान करता है, उन्हें गतिविधियों से संबंधित जोखिमों, प्रभावों और इसे कम करने के उपायों पर अपने विचार प्रकट करने का मौका देता है, साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थाओं को उनकी चिंताओं पर विचार करने और तदनुसार प्रतिक्रिया देने की अनुमति देता है।	IFC प्रदर्शन मानकों में वर्णित आवश्यकताओं के अनुरूप, ESR टूलकिट द्वारा स्थानीय समुदायों के लिए संभावित जोखिमों और प्रभावों पर प्रकाश डाला जाएगा। अगर समुदायों के लिए संभावित जोखिम की मौजूदगी तथा इससे प्रभावित होने के आसार हैं, तो प्लैटफॉर्म द्वारा (अथवा फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्ष द्वारा) GCF मानकों के अनुरूप इन मुद्दों एवं उन्हें कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श के लिए संबंधित हितधारकों की भागीदारी का संचालन किया जाएगा।

6.3 पर्यावरण और सामाजिक स्थायित्व पर IFC प्रदर्शन मानक, 2012

इन मानकों को MAM के ESR टूलकिट में एकीकृत किया जा रहा है, जिनका उपयोग सभी उप-परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए किया जाएगा (नीचे इससे संबंधित खंड देखें)।

वर्णन	प्रयोजनीयता
IFC PS 1 - पर्यावरणीय एवं सामाजिक जोखिमों और उसके प्रभावों का मूल्यांकन तथा प्रबंधन	इन मानकों का उद्देश्य मौजूदा सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन करना तथा उनके कामकाज, अस्तित्व और पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रबंधन योजना (ESMP) के कार्यान्वयन में कमियों की पहचान करना, निर्धारित EHS नीति, निर्धारित की गई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, जोखिम पहचान और प्रबंधन प्रक्रियाओं के साथ-साथ हितधारकों की भागीदारी एवं शिकायत प्रबंधन जैसी प्रक्रियाओं का आकलन करना है। प्लैटफॉर्म की स्थापना के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा और यह MAM की रूपरेखा के अंतर्गत ऊपर वर्णित आवश्यकताओं के अनुरूप होगा। प्लैटफॉर्म द्वारा विकसित की गई एवं लागू की गई E&S प्रबंधन प्रणाली को उप-परियोजना के आधार पर कार्यान्वित किया जाएगा और इसे फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों की समुचित प्रक्रियाओं का हिस्सा भी माना जाएगा।
IFC PS 2 - श्रमिक और काम-काज संबंधी परिस्थितियाँ	विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ तथा दस्तावेज श्रम और श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित इस पहलू का मार्गदर्शन करते हैं। इन दिशा-निर्देशों में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया गया है: मानव संसाधन नीति एवं प्रबंधन, श्रमिक संगठन, गैर-भेदभाव और समान अवसर, छंटनी, कर्मचारियों की हिफाजत तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा। इस संदर्भ में, प्लैटफॉर्म के फाइनेंस करने वाले दूसरे पक्षों के कर्मचारियों एवं श्रमिकों की स्थिति के साथ-साथ उनके द्वारा काम पर रखे गए ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों की स्थिति का मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। इस PS के तहत आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों की भी समीक्षा की जाएगी।
